दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 231
कोटद्वार रविवार
25 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

आज की युवा पीढ़ी जनरेशन जी से है : राजनाथ

दीक्षान्त समारोह शिक्षा का नहीं अपितु संस्कारों का संदेश देता है

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, जॉलीग्रांट के पंचम दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि दीक्षान्त समारोह शिक्षा का नहीं अपितु संस्कारों का संदेश देता है। संस्कार जीवन में महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा कल्याणकारी अथवा विनाशकारी में से कुछ भी हो सकती है, यह विद्यार्थियों के संस्कारों पर निर्भर करता है। दीक्षान्त समारोह शिक्षा का अन्त नहीं है। सीखने की प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है। जीवन में सफलता और असफलता साथ-साथ चलती रहती है। असफलताओं से डरने के स्थान पर उनसे सीखना आवश्यक है। युवाओं को इस बार के फीफा वर्ल्ड कप से भी सीखना चाहिए। खेल जगत से टीम भावना सबको सीखनी चाहिए।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी जनरेशन जी से है। आप सभी डिजटल, आईटी, इन्टरनेट की पीढ़ी है। आपके लिए तो आईटी का अर्थ ही इन्फोर्मेशन टेक्नॉलॉजी इंडिया टुडे है। इसलिए आप यह बात बखूबी समझेंगे कि भारत में इन्फोर्मेशन टेक्नॉलॉजी ने बहुत परिवर्तन ला दिया है। अब तो 5 जी का दौर आ गया है। आज भारत डिजिटल टेक्नॉलजी के क्षेत्र में ग्लोबल मैप पर अपनी पहचान बना रहा है। 2014 में जहां भारत में 400 से 500 स्टार्टअप हुआ करते थे, आज 2022 में हमारे प्रतिभाशाली युवाओं के कारण अस्सी हजार से अधिक स्टार्ट अप हो चुके है। यह साधारण उपलब्धि नहीं है। भारत में उद्यमी युवाओं ने सौ से अधिक यूनिकॉर्न बनाए हैं। हर महीने 7 से 8 यूनिकॉर्न आ रहे हैं। आज युवा अपनी प्रतिभा, क्षमता और परिश्रम से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि युवा इंडीविजुवल अचीवमेंट से आगे बढ़कर सोशल बेटरमेंट के बारे में सोचेगे तो बड़ी सफलताएं प्राप्त करेंगे। यदि आप अपने ज्ञान का प्रयोग समाज एवं मानवता के लिए करते हैं तो आपका ज्ञान अमूल्य हो जाता है। हमें अपनी चुनौतियों को अवसरों में बदलना होगा। कोरोना काल में भारत ने अपनी चुनौतियों को वैक्सीन, दवाइयों, ऑक्सीजन प्लान्टस के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर अवसरों में बदला है। भारत के वेद, पुराणों के ज्ञान, योग, अध्यात्म को विश्व भर के लोगों ने सहर्ष स्वीकार किया है। हमें अपनी समृद्ध गौरवशाली विरासत पर गर्व होना चाहिए। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में ज्ञान की समृद्धशाली परम्परा रही है। वर्तमान के कई वैज्ञानिक एवं गणितीय सिद्धान्तों की खोज हमारे ऋषि मुनियों ने की। भारत एक समय में विश्व गुरु था। हमें आने वाले समय में पुनः विश्व गुरू का स्थान प्राप्त करना है। इसमें हमारे प्रतिभाशाली युवाओं का अहम योगदान होगा। युवाओं की सबसे बड़ी प्रेरणा स्रोत है, हमारी महान पारम्परिक विरासत। हमारी इन समृद्धशाली विरासत को अन्य देशों ने भी अपनाया है। भारत में विभिन्नताएं कभी संघर्ष का कारण नहीं बनी। हम शिव के भी उपासक हैं और कृष्ण के भी भक्त हैं। हम पूर्णिमा का भी उत्सव मनाते हैं तो अमावस्या का भी उत्सव मनाते हैं। यह अपार संभावनाओं का देश है। यहां साधारण परिवार के व्यक्ति देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी बन जाते हैं। आने वाला समय भारत का है। मुझे पूरा विश्वास है कि 2047 तक भारत आर्थिक क्षेत्र में विश्व में प्रथम स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि वर्गीय समानता बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 विजय धस्माना, विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, खजानदास, मेयर सुनील उनियाल गामा, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, जॉलीग्रांट के पंचम दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह में 1316 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इनमें हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एचआईएमएस) द्वारा 292 छात्रों को एमबीबीएस, 135 छात्रों को पीजी, 270 छात्रों को पैरामेडिकल, 20 छात्रों को क्लिनिकल रिसर्च में उपाधियां प्रदान की गई। हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग (एचसीएन) में 134 विद्यार्थियों, हिमालयन स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एचएसएसटी) में 116 विद्यार्थियों, हिमालयन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एचएसएमएस) में 192 विद्यार्थियों, हिमालयन स्कूल ऑफ योगा साइंसेज (एचएसवाईएस) में 36 विद्यार्थियों, हिमालयन स्कूल ऑफ बायो साइंसेज (एचएसबीएस) में 116 विद्यार्थियों, डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) में 5 विद्यार्थियों तथा 24 छात्र-छात्राओं को एकेडमिक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, जॉलीग्रांट में छात्रा को डिग्री देते हुए।

सीएम धामी ने किया वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' की जयंती पर भावपूर्ण स्मरण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' का उनकी जयंती पर भावपूर्ण स्मरण किया है। उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में वीर चन्द्र सिंह ''गढ़वाली'' को पेशावर कांड का महानायक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा की उन्होंने देश की आजादी के लिये आन्दोलनरत निहत्थी जनता पर गोली चलाने के आदेश को न मानकर महान देशभक्ति और साहस का परिचय दिया था। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के लिए 'पेशावर कांड' एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के आंदोलन में यह घटना मील का पत्थर साबित हुई, जिसने भविष्य के लिए एक क्रांतिकारी आधार तैयार किया।

खाई में गिरने से युवक की मौत

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत निमगा निवासी एक युवक की शुक्रवार देर शाम पहाड़ी से गिरने से मौत हो गई। शनिवार को राजस्व पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निमगा निवासी रोशनलाल (38 वर्ष) पुत्र हरदास गांव की दूसरी बस्ती से अपने घर की ओर जा रहा था। डीके रोड से नीवा धार के लिए नीचे उतरते समय पैर फिसलकर रोशनलाल तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिर गया। रातभर घायल युवक खाई में ही पड़ा रहा। शनिवार सुबह पड़ोस के ही एक व्यक्ति को उसकी टोपी, मोबाइल और कोट पड़े हुए मिले, जिसकी सूचना ग्रामीणों को दी।

छात्रा ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की

रुद्रपुर : रुद्रपुर में बीए फाइनल की एक छात्रा ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में एक छात्रा ने पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जब परिजनों ने यह देखा तो चीख-पुकार मच गयी। लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटनाक्रम की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, मृतका मिनती पुत्री स्व. अंनत विश्वास पीजी कॉलेज रुद्रपुर में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी और रविंद्र नगर में एक स्कूल में पढ़ाती थी। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। (एजेंसी)

जयराम आश्रम में राहुल प्रियंका का भव्य स्वागत

ऋषिकेश। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का जयराम आश्रम दिल्ली में स्वागत किया गया। जयराम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने तिलक लगाकर दोनों को माला पहनाई। ऋषिकेश से बड़ी संख्या में कांग्रेसी भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने दिल्ली गये हैं।

बीते रोज जयराम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज के नेतृत्व में कांग्रेसी दिल्ली स्थित जयराम आश्रम पहुंचे। शनिवार सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के दिल्ली स्थित आश्रम के मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद महाराज ने दोनों को तिलककर माला पहनाई। आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भोजन की व्यवस्था की गई थी। यहां राहुल और प्रियंका गांधी ने भी भोजन किया।

कोविड लहर से घबराने की जरूरत नहीं :राजनाथ सिंह

ऋषिकेश। स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय जौलीग्रांट के पांचवें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह समारोह शिक्षा ग्रहण करने के बाद दीक्षा दिए जाने का है। शिक्षा के बाद सभी छात्र-छात्राएं कल्याणकारी कार्यों के लिए कार्य करें। उन्होंने फुटबाल वर्ल्ड कप का जिक्र करते हुए कहा कि इस वर्ष अर्जेंटीना की टीम को मेसी ने फुटबाल अकेले नहीं जिताया, बल्कि टीम वर्क की वजह से अर्जेंटीना को जीत मिली। वर्ष 2014 में भी मेसी ने सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाते हुए गोल्डन बल जीती थी, लेकिन टीम हार गई थी। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत सफलता का महत्व है, लेकिन टीम की सफलता ही व्यक्ति को महान बनाती है।रक्षामंत्री ने पहली और दूसरी कोविड-19 लहर का जिक्र करते हुए कहा कि तीसरी लहर से हमें घबराने की जरूरत नहीं है। भारत का मेडिकल स्ट्रक्चर बहुत शक्तिशाली है। अक्सीजन सिलेंडर और अक्सीजन प्लांट सभी तैयार हैं। कोविड लहर से आसानी से निपट लिया जाएगा। कहा देश में बनी दो वैक्सीन विश्व की सर्वश्रेष्ठ वैक्सीन है। दावा किया कि आजादी के 100 वर्ष बाद भारत विश्व का सबसे शक्तिशाली और सबसे बड़ी इकोनमी वाला देश होगा।

बहन के घर से लौट रहे दो चचेरे भाइयों की सड़क दुर्घटना में मौत

काशीपुर : अज्ञात वाहन की टक्कर से बहन के घर से लौट रहे बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जबकि एक मामूली रूप से घायल हो गया। युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मोहल्ला जोशीयान निवासी ध्रुव जोशी (18) पुत्र सुनील जोशी, कुणाल जोशी (23) पुत्र दिनेश जोशी, सुमित जोशी (24) पुत्र विनीत जोशी आपस में चचेरे तहेरे भाई हैं।

ध्रुव की बड़ी बहन बिजनौर के कस्बा झालू में रहती है। शुक्रवार को ध्रुव की बहन की बेटी का नामकरण था। ध्रुव की मां ने कुछ घरेलू सामान पुत्री को भिजवाया था। ध्रुव के साथ सुमित भी बाइक से चला गया। कुणाल पहले से ही झालू में बहन के घर रुका था। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे ध्रुव और सुमित बाइक से घर लौटने लगे तो कुणाल भी उनके साथ बैठ लिया। देर रात नादेही चीनी मिल गेस्ट हाउस के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ध्रुव एवं कुणाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सुमित को मामूली चोट आई। राहगीरों ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ईएमओ डॉ. आशु सिंघल ने ध्रुव व कुणाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुमित का उपचार कर उसे घर भेज दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शनिवार को परिजनों व मोहल्ले के लोगों ने मृत दोनों युवकों का दाह संस्कार कर दिया। एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि मामले में किसी की तहरीर नहीं आई है। वहीं बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। (एजेंसी)

रामनगर में कई होटल व रिजॉर्ट में छापे

रामनगर। राज्य कर विभाग ने रामनगर के विभिन्न होटल व रिजर्ट में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान कर जमा नहीं करने वाले होटल व रिजर्ट के प्रपत्रों की जांच कर उन्हें कर जमा करने के निर्देश दिए गए। शनिवार को राज्य कर विभाग की टीम ने एमपी इंटर कलेज मैदान के पास एक होटल में छापे मारे। टीम के अनुसार होटल में नियमानुसार कर जमा नहीं किया जा रहा था। यही हाल अन्य रिजर्ट्स के भी थे। बताया कि जिन लोगों ने कर जमा नहीं किया था, उनसे टीम ने लाखों रुपये का कर जमा कराया। जबकि अन्य होटल व रिजर्ट्स स्वामियों से जल्द ही कर जमा करने को कहा गया है। कार्रवाई में कुमाऊं मंडल के अपर आयुक्त बीएस नगन्याल, संयुक्त आयुक्त पीएस डुंगरियाल आदि मौजूद थे।

कोरोना का कहरः तमिलनाडु सरकार ने निगरानी बढ़ाई, 37 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की हुई जांच

चेन्नई, एजेंसी। दुनियाभर में कोरोना के बढ़ते मामलों में अचानक आई तेजी के बीच तमिलनाडु सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है और शनिवार को चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचे 37 यात्रियों की कोविड-19 जांच की गई। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एम सुब्रमण्यम ने कहा कि जिन लोगों की जांच की गई उनमें से किसी में भी कोरोना वायरस के लक्षण नहीं पाए गएद्य यह यात्री कुआलालम्पुर, दुबई, कोलंबो और ढाका से आए थे और जिनकी केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार उनमें से दो प्रतिशत की कोविड-19 जांच की गई थी।

स्वास्थ्य मंत्री एम.सुब्रमण्यम ने यहां हवाई अड्डे पर कोविड जांच का मुआयना किया। उनके साथ स्वास्थ्य सचिव पी सेंथिल कुमार और सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं निवारक चिकित्सा निदेशक ड टी एस सेल्वाविनायगम भी उनके साथ थे। एम.सुब्रमण्यम ने कहा कि राज्य के हवाई अड्डों पर बुखार की जांच व्यापक स्तर पर शुरू कर दी गई है।

सुब्रमण्यम ने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा,'तमिलनाडु कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए तैयार है। राज्य तमिलनाडु महामारी से निपटने के लिए तैयार है। राज्य भर के सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध 125 लाख में से लगभग 72,000 बिस्तर, कोविड-19 वार्डो के लिए तैयार किए गए हैं। इसके अलावा, हमारे पास दवाओं का तीन महीने का स्टक और अक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति है।

शुक्रवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों की एक आभासी बैठक के दौरान, उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को तमिलनाडु में वायरस के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों की जानकारी दी थी।जिसमे कहा गया की कोरोना अभी नहीं गया है आने वाले त्योहारों को देखते हुए हम सबको मास्क पहनना होगाद्य कोविड का प्रिकशन डोज लगाने के अलावा अभी भी कोविड गाइडलाइंस को फलो करने की जरूरत हैद्य

देश के तमाम हवाईअड्डे पर चीन और दूसरों देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय विमान यात्रियों के सैंपल रैंडम तरीके से लेकर कोविड-19 की जांच की जाएगी आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये फैसला लिया गया।

24 घंटे में 3.7 करोड़ नए संक्रमित! अस्पतालों में लाशों का ढेर

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन से शुक्रवार को चौंकाने वाली खबर सामने आई। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, यहां 24 घंटे के अंदर तीन करोड़ 70 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित पाए गए हैं। आलम ये है कि अस्पतालों में बेड, दवाओं, डक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी हो गई है। लोग सड़क किनारे ड्रिप लगवाकर इलाज करवाने को मजबूर हैं। हालांकि, चीन ने अपनी आधिकारिक रिपोर्ट में केवल 4,103 संक्रमितों के मिलने की पुष्टि की है। आइए तस्वीरों में देखते हैं चीन में कैसे कोरोना ने कोहराम मचा रखा है? आंकड़े क्या कहते हैं? घरों, अस्पतालों और कब्रिस्तानों में क्या हालत है? ब्लूमर्ग ने चीन के अलग-अलग राज्यों में प्रकाशित आंकड़ों के हवाले से दावा किया है कि शुक्रवार को 24 घंटे के अंदर तीन करोड़ 70 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित पाए गए हैं। एक-एक शहर में तीन से दस लाख तक मरीज पाए जा रहे हैं। हालांकि, चीन के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार 23 दिसंबर को केवल चार हजार 103 मरीज पाए गए हैं।

जहरीली शराब कांड : भाजपा और राजद के एक-एक नेता लग गए किनारे, लटकी कार्रवाई की तलवार

पटना, एजेंसी। सारण और सिवान जिले में जहरीली शराब पीने से हुई आम लोगों की मौत के मामले का राजनीतिक दलों पर भी साइड इफेक्ट देखा जा रहा है।

प्रदेश भाजपा और राजद के एक-एक नेता को जहरीली शराब कांड ने किनारे लगा दिया है। इस समय दोनों को उनके दलों में अपरिचित की तरह देखा जा रहा है। बहुत संभव है इनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई भी हो। ये हैं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और राजद के विधान परिषद सदस्य प्रो. रामबली सिंह।

भाजपा अड़ी हुई है कि मृतकों के स्वजनों को राज्य सरकार मुआवजा दे। इस मांग के लिए पार्टी के विधायकों ने धरना दिया। राज्यपाल को ज्ञापन दिया। बात नहीं बनी तो न्यायालय तक जाने की योजना है। इधर, राजीव रंजन ने मुआवजे की मांग का विरोध करते हुए मीडिया में बयान दे

दिया कि बिहार में शराब पीना अपराध है। जहरीली शराब पीने वालों ने आपराधिक त्य किया था। इसलिए उनके स्वजनों को मुआवजा देना उचित नहीं होगा। इस मोर्चे पर वे भाजपा के बदले जदयू के साथ खड़े होते दिखाई दे रहे हैं।

राजीव रंजन प्रसाद की पृष्ठभूमि जदयू की है। 2005 के विधानसभा चुनाव में जदयू की टिकट पर ही नालंदा जिले के इस्लामपुर से उन्होंने जीत दर्ज की थी। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नजदीकी मित्रों में गिने जाते हैं। वे झारखंड एवं छत्तीसगढ़ में बिजली बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। नीतीश से मतभेद होने के कारण भाजपा में आ गए। यहां उन्हें सम्मान मिला।

मॉडल जनपद के रूप में विकसित होगा चंपावत : सीएम

आपदा प्रभावित महिला केन्द्रित आजीविका प्रबन्धन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सीमान्त जनपद चंपावत को मॉडल जनपद के रूप में विकसित किया जा रहा है। कहा कि सीमावर्ती गांव हमारे लिए अमूल्य हैं, ये मात्र हमारे सीमान्त प्रहरी नहीं बल्कि अमूल्य धरोहर भी हैं। सीमान्त क्षेत्र हमारी जड़े हैं, इनकों निरन्तर सिंचित किया जाना चाहिए। गांव और शहरों की असमानता को दूर करके ग्राम आधारित सशक्त आर्थिकी को आधार बनाना ही राज्य सरकार का मूलमंत्र है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में ''सीमान्त क्षेत्रों में आपदा प्रभावित महिला केन्द्रित आजीविका प्रबन्धन कार्यक्रम'' का शुभारम्भ किया।

सीएम पुष्कर सिंह धामी आपदा प्रभावित महिला केन्द्रित आजीविका प्रबन्धन कार्यक्रम करते हुए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान में विकास योजनाएं उनके लिए बन रही है जिन्हें वास्तव में उनकी आवश्यकता है। स्वच्छ भारत, उज्ज्वला, हर घर शौचालय जैसी योजनाएं प्रत्यक्षतः आम जनमानस को प्रभावित करती हैं। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने आम नागरिक के जीवन में मूलभूत बदलाव किया है। आज जरूरतमंद एवं साधन विहीन लोग भी अपना उपचार बेहतरीन अस्पतालों में करवाने में सक्षम हैं, जिनके बारे में पहले वे सोच भी नहीं सकते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना के सम्बन्ध में अस्पतालों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कार्डधारक के इलाज में विलम्ब की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उत्तराखण्ड सरकार आम जनमानस की सुविधा के लिए सरलीकरण के मार्ग पर चल रही है। हम अपने सीमावर्ती गांवों का विकास इस प्रकार करना चाहते हैं ताकि यह देश और विशेषकर हिमालयी राज्यों के लिए एक मॉडल बने। इस अवसर पर हैस्को संस्थापक डा0 अनिल प्रकाश जोशी, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो दुर्गेश पंत, संस्थापक, एसबीआई फाउन्डेशन ललित मोहन, डीजीएम एसबीआई राजकुमार सिंह, एसबीआई जनरल अन्यया मोहन्ती, एसबीआई जनरल किलफोर्ड डी कोस्टा सहित सीमान्त गांवों से महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थी।

प्रत्येक सैनिक की समस्या मेरी समस्या : राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को गढ़ी कैंट में गढ़वाल राईफल्स श्रम संविदा स्वायत्त सहकारिता द्वारा "पूर्व सैनिक मिलन एवं सम्मान समारोह" में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में वीर नारियों, पदक विजेताओं एवं युद्ध में घायल सैनिकों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने समारोह में गढ़वाल राईफल्स की वीर नारियों, पदक विजेताओं व सभी पूर्व सैनिकों से मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना।

समारोह में राज्यपाल ने आयोजकों को सुंदर आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस समारोह में सम्मिलित होकर एक परिवार जैसा अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल राईफल्स की 135 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास इसके वीर जवानों की वीरता और पराक्रम के लिए जाना जाता है। राज्यपाल ने कहा कि गढ़वाल राईफल्स के ही गौरव महावीर चक्र विजेता अमर शहीद, बाबा जसवंत सिंह उत्तराखण्ड की इसी धरती पर जन्में हैं जिन्हें अपनी वीरता और शौर्य के लिए आज भी पूजा जाता है। उनकी अविस्मरणीय वीरगाथा आज भी हमें प्रेरणा देती है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे पास पूर्व सैनिकों की बहुत बड़ी ताकत है। हम सैनिकों की इस ताकत के बल पर उत्तराखण्ड को समृद्ध एवं खुशहाल बना सकते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों से कहा कि वे प्रदेश के विकास में अपना हरसंभव योगदान दें। पूर्व सैनिक प्राकृतिक खेती, पर्यटन, स्वरोजगार, उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य करते हुए उत्तराखण्ड को आर्थिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने वीरांगनाओं से कहा कि वे स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपने स्वरोजगार को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाओं में अलग ही क्षमता है वे अपने कार्य के बल पर उत्तराखण्ड की आर्थिकी में बड़ा योगदान कर सकती हैं।

डोईवाला कॉलेज में अध्यक्ष सहित पांचों पदों पर एबीवीपी की जीत

ऋषिकेश। शहीद दुर्गा मल्ल पीजी कॉलेज डोईवाला में छात्रसंघ के अध्यक्ष पद पर राजकिरण शाह ने 192 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यहां एबीवीपी ने अध्यक्ष सहित पांचों पदों पर जीत हासिल की है। शनिवार को राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में सुबह से ही छात्रसंघ चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गई थी। दिन भर छात्रों में चुनाव को लेकर उत्साह दिखा। शनिवार शाम छात्रसंघ चुनाव के परिणाम घोषित हुए। इसमें अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के राजकिरण शाह को 530, एनएसयूआई के प्रिक्षित कुमार को 398 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर एबीवीपी की साक्षी को 590 और एनएसयूआई की मनीषा को 322 वोट मिले। महासचिव पद पर एबीवीपी के प्रशांत डोभाल को 516 और एनएसयूआई के हिमांशु को 401 वोट मिले।

गांव की सुख समृद्धि के लिए थात पूजन सम्पन्न

उत्तरकाशी। कमल सिराईं पट्टी के सुनाली गांव में आयोजित नौ दिवसीय थात पूजन कार्यक्रम पांडव मंडाण के साथ रघुनाथ महाराज की देव डोलियों के सानिध्य में विधिवत रूप से संपंन हो गया।

पांच वषो के अंतराल मे संपंन होने वाली इस थात पूजा में सभी ग्रामीणों ने हवन यज्ञ कर स्थानीय देवी देवताओं से अपनी तथा गांव की सुख् समृद्धि की कामना की।

रवांई क्षेत्र के गांव–गांव में थात माता की यह विशेष पूजा, पांडव नवरात्र, घड़ियाल व सावन के माह में आयोजित देव जातर तथा देव जांगड़े विशेष आकर्षक व पारम्परिक रीति रिवाज व पौराणिक संस्कृति के अनुसार किये जाते हैं। थाती माता की यह पूजा–अर्चना हर पांच वर्षों में एक बार गांव की सुख–शांति, समृद्धि के लिए नौ दिनों तक की जाती है। जिसमें संस्कृतिक परंपरा एवं पांडव कालीन आस्था की झलक देखने को मिलती है।

नौ दिनों तक चलने वाली इस पूजन कार्यक्रम के सातवें दिन गांव, क्षेत्र की सुख समृद्वी–बूरी आत्माओं से रक्षा को पांडव कालीन पांडुलिपि के पंडित हरिकृष्ण उनियाल ग्राम देवता, ईष्ट देवता की उपासना कर सन्नाजा एवं धागे कच्चे सूत व सात प्रकार के अनाज विभिन्न प्रकार की बली देकर गांव की चारों दिशाओं में फेंकर सुरक्षा बंधन बांधा जाता हैं।

वहीं अंतिम दिवस पर खेतों की मिट्टी, पारम्परिक कृषि यंत्रों व औजारों की पूजा की जाती है। पंडित भूवनेश उनियाल ने बताया कि थाती पूजा हर पांच वर्षों में होती है सदियों व पूर्वजों के समय से ही पाडंव लिपि से थाती माता की पूजा अर्चना व सुरक्षा बंधन किया जाता हैं, समस्त पूजा अर्चना पण्डवानी लिपि व विधि–विधान से किया जाता है। कहा कि इस पूजन कार्यक्रम में महाराज व भीमा काली माता की देव डोलियां भी गांव –गांव से ढोल व नगाड़ों के साथ 9 दिवसीय यज्ञ पूजन में शामिल होती हैं। शनिवार को थाती माता पूजन कार्यक्रम में सोवेंद्र राणा, प्रधान विरेन्द्र सिंह, रामचंद्र उनियाल,कमलेश्वर नौटियाल, राजेंद्र सेमवाल व रोहित भंडारी,पूर्व प्रधान प्रेम लाल,राजेंद्र लाल,सोवेंद्र पंवार विपिन कुमार,सतवीर पंवार आदि सैकड़ों लोगों मौजूद थे।

इन्द्रमणि बडोनी के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया

रुद्रप्रयाग : रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच राबाइंका अगस्त्यमुनि में उत्तराखंड के गांधी स्व इन्द्रमणि बडोनी के 97 वें जन्म दिवस पर लोक संस्कृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में पारम्परिक गीतों के साथ छात्राओं ने गढ़वाली व्यंजन रोटना एवं स्वांली पकोड़ी से अतिथियों का सत्कार किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अगस्त्यमुनि की अध्यक्ष अरुणा अरुणा बेंजवाल ने कहा कि लोक संस्कृति हमारे खान पान, भाषा, रीति रिवाज एवं पहनावे से जीवन्त होती है। इन्द्रमणि बडोनी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन पर्यन्त लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया। उत्तराखंड राज्य प्राप्ति आन्दोलन में उनकी भूमिका को कौन भूल सकता है।

सीआरसी त्रिलोक रावत ने छात्राओं को स्व0 इन्द्रमणि बडोनी के पदिचह्नों पर चलने का आह्वान किया। कहा कि ऐसे महापुरूषों की बदौलत ही हमें आज राज्य की प्राप्ति हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागनी नेगी ने कहा कि इन्द्रमणि बडोनी ने उत्तराखण्ड आंदोलन को जिस ऊर्जा और संकल्प के साथ अहिंसक आन्दोलन से नेतृत्व किया वह अविस्मरणीय है। इसीलिए उन्हें उत्तराखण्ड का गांधी भी कहा जाता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अनीता जगवाण ने इन्द्रमणि बडोनी के जीवन यात्रा पर विस्तार से बताया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप जलाकर तथा स्व0 इन्द्रमणि बडोनी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति के गीत तथा नृत्य एवं कविताओं की शानदार प्रस्तुतियां दी। (एजेंसी)

मामूली कहासुनी पर दो पक्षों में झड़प, मची भगदड़

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस के छात्रसंघ चुनाव के दौरान मामूली कहासुनी में दो पक्षों में झड़प हो गई। आपस में हाथापाई और खींचतान से भगदड़ जैसी स्थिति होने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला। चुनावी माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले उपद्रवियों को पुलिस ने खदेड़ा। शनिवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए कॉलेज के बाहर हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे पर कोयलघाटी तिराहे के समीप बने पुलिस बैरिकेडिंग के पास छात्र नेता और समर्थकों का सुबह से जमावड़ा रहा। दोपहर करीब 12.45 बजे मतदान संपन्न होने से 15 मिनट पहले बैरकेडिंग के पास अलग–अलग प्रत्याशियों के दो समर्थकों के बीच झड़प हो गई। दोनों पक्षों में हाथापाई और खींचतान शुरू हो गई।

पुरोला में धर्मांतरण को लेकर हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी। पुरोला में बीते दिन सामने आये धर्मातंरण के मामले को लेकर सेवा भारती, विश्व हिंदू परिषद,भाजपा कार्यकर्ताओं सहित एबीवीपी व स्थानीय व्यपारियों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शनिवार को सभी लोगों ने पुरोला मुख्य बाजार में जनाक्रोश रैली निकाली और पुलिस व स्थानीय प्रशासन से धर्मांतरण करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

बता दें कि बीते शुक्रवार को पुरोला तहसील मुख्यालय से तीन किमी दूरी पर स्थित छिबाला–देवढुड ग्राम पंचायत में एनजीओ के संस्थापक लैजर्स दंपति पर नेपाली मूल के लोगों का धर्मांतरण करने का मामला सामने आया था। जिस पर विहिप सहित भाजपा समेत कई संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा काटा। उन्होंने एनजीओ के केंद्र पर जुटे नेपाली मजदूर और स्थानीय लोगों के साथ ही एनजीओ संचालकों को भी वहां से भगाया। देर शाम को आरोपियों को पुलिस चौकी में लाकर पुलिस से मामलें में मुकदमा दर्ज कर जांच की मांग की थी। शनिवार को आक्रोशित व्यापारियों समेत हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मोरी–पुरोला रोड पर एकत्रित हुए। जहां से सभी ने धर्मांतरण के खिलाफ कुमोला रोड से बस स्टेंड व तहसील कार्यालय परिसर तक जुलूस निकाला। इस दौरान विभिन्न संगठन के लोगों ने विरोध में जमकर नारेबाजी की और एसडीएम जितेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर धर्मातरण में शामिल कथित एनजीओ संचालकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 121 लोग लाभांवित

ऋषिकेश। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय ऋषिकेश की ओर से आयोजित किए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर में 121 छात्रों और शिक्षकों को दवा वितरित की गई। शनिवार को प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 सर्वहारानगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉ. विनय कुड़ियाल ने छात्रों को संक्रामक रोगों और उनसे बचाव के बारे में और सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में डेंगू प्रतिरोधक दवा का भी वितरण किया गया।

एक नजर

ऑनलाइन प्रक्रियाओं को सरल बनाएंः सीडीओ

उत्तरकाशी। जिला सभागार में इज ऑफ डूइंग व इज ऑफ लिविंग के सुधार को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे सीडीओ गौरव कुमार ने ऑनलाइन प्रकियाओं को सरल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने इस मौके पर सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूती प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ताकि अधिक से अधिक उद्यमियों को इसका लाभ मिल सकें।

शनिवार को महाप्रबंधक जिला उद्योग शैली डबराल ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत उद्यमियों और आम जनता को विभिन विभागों से अनेक प्रकार के एनओसी तथा प्रमाण पत्र की प्रकिया को ऑनलाइन किया गया है। उद्यम स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है। उन्होंने सिंगल विंडो सिस्टम की प्रक्रिया और विभाग की ओर से उद्यमियों को दी जा रही प्रोत्साहन सुविधा की जानकारी दी। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी जेपी. तिवारी, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी रॉकी कुमार, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा, जयदीप वर्मा,अंकित द्विवेदी,नीतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

भटवाड़ी में डुंडा में युवा महोत्सव 27 को

उत्तरकाशी। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव भटवाड़ी में 27 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा। जिसमें लोक नृत्य, लोक गीत एवं एकांकी नाटक की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों द्वारा दी जायेगी।

खंड विकास अधिकारी भटवाड़ी ने बताया कि युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी सांस्कृतिक दल अपनी पोशाक एवं वाद्य यंत्र सहित प्रतिभाग करेंगे। कहा कि लोक नृत्य प्रतियोगिता 20 मिनट की होगी। जिसमें 20 सदस्य प्रतिभाग कर सकते हैं। जबकि लोकगीत में 10 सदस्य प्रतिभाग कर 11 मिनट के अंदर अपनी प्रस्तुति देंगे।

विभिन्न तहसीलों में कार्यरत उप जिलाधिकारियों ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में विभिन्न तहसीलों में कार्यरत उप जिलाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।

उन्होंने पदोन्नत वेतनमान स्वीकृत करने के लिये मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि तहसील स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जन समस्याओं के समाधान में उप जिलाधिकारियों की बड़ी भूमिका रहती है।

ग्रामीण क्षेत्रों तक सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास एवं जन समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासनिक अधिकारियों का लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी विनोद कुमार, सौरभ असवाल, मुक्ता मिश्रा, सीमा विश्वकर्मा, वैभव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्र के स्कूलों में क्रिसमस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूलों में सेंटा कलॉज ने बच्चों को मिठाई और उपहार वितरित किए। इसके साथ ही बच्चों को प्रभु यीशु के जीवन से प्रेरणा लेने का भी संदेश दिया गया। शनिवार को मॉडर्न स्कूल ऋषिकेश में क्रिसमस–डे पर कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ स्कूल की निदेशक डॉ. ज्योति जुयाल और प्रधानाचार्या नंदनी उनियाल ने किया। डा. ज्योति जुयाल ने बच्चों को क्रिसमस–डे के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों ने सांता क्लॉज के वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मौके पर हेमलता, नीतू गौड़, नीरा अरोरा, अलका डोभाल, रिती आदि उपस्थित रहे।

सीएम धामी ने की पूर्व पीएम भारत रत्न, स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता थे वे एक ऐसे महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग प्यार और आदर करते थे। वाजपेयी सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं में शामिल हैं। उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। अटल जी उत्तराखण्ड राज्य के प्रणेता हैं, उन्होंने न केवल उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण किया बल्कि इसके विकास के लिए आधार भी तैयार किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अपनी नयी पहचान बनाई तथा 21 वीं शदी में मजबूती से कदम आगे बढ़ाया। उनमें सभी को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता थी। उनकी दूरगामी सोच, रचनाओं, पोखरण परमाणु परीक्षण, कारगिल की लड़ाई में भारत को मिली जीत के लिये उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ह्यभारत रत्नह्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती पर सुशासन दिवस के अवसर पर सभी जनपदों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ

ऋषिकेश। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव पर वर्ष 2021–22 में हाईस्कूल और इंटर में वरीयता सूची में रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। शनिवार को विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, एससीईआरटी के अपर निदेशक डॉ. आरडी शर्मा, मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को तैयार करना है, जो भारत के सभी बच्चों को लाभान्वित करे। इस का लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। उन्होंने शिशु मंदिर और विद्या मंदिर के लिए पांच–पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में टॉपर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। हाईस्कूल में 13वें स्थान पर रहे हरीश बिजल्वान को 10,000 रुपये और इंटर मीडिएट में 15वां स्थान प्राप्त करने वाले हर्षित बर्थवाल को 9,000 रुपये, हाईस्कूल में 24 वें स्थान पर रही मुस्कान टंडन को 8,000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। हरीश बिजल्वान को स्व. रामचंद्र स्मृति पुरस्कार भी दिया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने गुजराती, पंजाबी, हिमाचली, कुमाउनी, राजस्थानी, गढ़वाली नृत्य और संगीत के साथ ही गढ़वाली जागर, योग आदि का प्रदर्शन किया।

मौके पर नत्थीलाल बंगवाल, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद पांडे, अशोक पांडे, अनिल कुमार मित्तल, सुशील अग्रवाल, नवल कपूर, रविन्द्र राणा, अशोक पासवान, पार्षद गुरविंद्र, हरिचरण, रजनी रावत, गुरुप्रसाद उनियाल, अनिता रयाल, दिनेश सती, संजीव चौहान, गोविंद सिंह रावत, ज्योति सजवान आदि उपस्थित रहे।

परिश्रम ही सफलता की कुंजी हैः निशंक

ऋषिकेश। बीपीग्राम स्थित गंगोत्री विद्या निकेतन इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद रमेश पोखरियाल निशंक शामिल हुए। शनिवार को इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में सांसद निशंक ने चंद्रावती शास्त्री सभागार व विज्ञान प्रयोगशाला कक्षा–कक्षों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में अथक परिश्रम करना चाहिए। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। सांसद निशंक ने समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सामाजिक योगदान के लिए राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट, कमल राजपूत , सिद्धार्थ, कैप्टन शुभम पोखरियाल,सरोज डिमरी के साथ नव मनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ऋषिकेश नगर निगम मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि हम सब का यह कर्तव्य बनता है कि हम इन नौनिहालों को भावी पीढ़ी के लिए एक बेहतर नागरिक की तरह तैयार करें।

यूरोलॉजिस्टों ने इलाज की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के यूरोलॉजी विभाग के तत्वावधान में लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए यूरोलॉजिस्टों ने मूत्ररोग से संबंधित इलाज की नवीनतम तकनीकों पर व्यापक चर्चा की। यूरेथ्रोप्लास्टी एंड पिनाईल इम्प्लांट विषय पर लाइव सर्जरी का प्रदर्शन कर मूत्ररोग के निदान में तकनीक के विस्तृत लाभ बताए गए। शनिवार को एम्स ऋषिकेश के यूरोलॉजी विभाग में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप के आयोजन से चिकित्सकों को पेशाब में रुकावट संबंधी इलाज की आधुनिक तकनीकों को बारीकी से समझने का अवसर मिलेगा। संस्थान की डीन एकेडमिक प्रो. जया चतुर्वेदी और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल ने कार्यशाला की सराहना की। उन्होंने इस आयोजन को इलाज के अनुभव की दृष्टि से लाभदायक बताया। यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर मित्तल ने कहा कि इस कार्यशाला का लाभ विशेषतौर से उन चिकित्सकों को मिलेगा, जो पेशाब में रुकावट संबंधी बीमारी का इलाज करते हैं। यूरेथ्रोप्लास्टी तकनीक को उन्होंने इलाज की बेहतर तकनीक बताया।लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप के दौरान ऑपरेशन थियेटर में जारी मरीजों की सर्जरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। ओटी में लाइव सर्जरी करने वाली टीम में एम्स ऋषिकेश के यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सर्जन और विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर मित्तल, यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास पंवार, डॉ. संजय कुलकर्णी और डॉ. पंकज जोशी शामिल रहे। टीम द्वारा संयुक्त रूप से कुल पांच मरीजों की यूरेथ्रोप्लास्टी विधि द्वारा सर्जरी कर मरीजों की पेशाब में रुकावट संबंधी दिक्कतों का समाधान किया गया। इस दौरान ओटी में मौजूद डॉक्टरों की टीम ने पिनाईल इम्प्लांट तकनीक के उपयोग और मरीज को इस तकनीक से किए गए इलाज से होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से समझाया।

राज्यपाल ने क्रिसमस पर प्रदेश वासियों को बधाई दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में सेंट जोसेफ एकेडमी के प्रधानाचार्य ब्रदर जयसीलन ने मुलाकात कर क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव, क्रिसमस के शुभ अवसर पर उन्हें अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि क्रिसमस का यह त्यौहार हमें प्रेम, दया, सेवा और मानवता के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमें इन मूल्यों को एक मार्गदर्शक के रूप में लगातार अपनाने की जरूरत है ताकि हम स्वस्थ, खुशहाल और संपन्न जीवन जी सकें। राज्यपाल ने क्रिसमस के पर्व पर सभी के जीवन में शांति, सौहार्द और खुशहाली की कामना की है।

केंद्रीय सचिव ने किया रेशम धागाकरण इकाई का निरीक्षण

विकासनगर। रेशम फेडरेशन की सेलाकुई स्थित धागाकरण इकाई में शनिवार को भारत सरकार के सचिव लोकरंजन समेत प्रदेश के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। उन्होंने इकाई के उच्चीकरण का आश्वासन दिया। इसके साथ ही सेलाकुई में स्थापित की जा रही दून सिल्क के रिटेल स्टोर और बुनाई कार्यशाला का भी निरीक्षण किया गया। प्रदेश के सहकारिता सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने केंद्रीय सचिव को जानकारी देते हुए बताया कि ग्रोथ सेंटर सेलाकुई की धागाकरण इकाई में रेशम के धागे बनाने के लिये उपयोग में लाये जा रहे रेशम कोया में से अवशेष सिल्क वेस्ट से पहली बार स्पन रेशमी धागा का उत्पादन काटघई पर शुरू कर दिया गया है।

दादा–दादी, नाना–नानी दिवस मनाया

विकासनगर। एनफील्ड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शनिवार को दादा–दादी, नाना–नानी दिवस मनाया गया। इस मौके पर गीत–संगीत, लघु नाटिका, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं के दादा–दादी, नाना–नानी को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष मेहमान छात्र–छात्राओं के दादा–दादी, नाना–नानी के स्वागत से हुई। इसके साथ ही रंगारंग प्रस्तुति शुरू हुई। प्रतिभागी बच्चों ने गीत–संगीत व नृत्य पेश कर अपने दादा–दादी, नाना–नानी का मन मोह लिया। इसी कड़ी में वर्तमान परिवेश में बुजुर्गों का परिवार में महत्व को प्रदर्शित करती लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसे देख दर्शक विभोर हो उठे। बच्चों ने दादा जी छड़ी हूं मैं, हर रोज साथ खड़ी हूं मैं..., गीत के माध्यम से बुजुर्गों से बच्चों के प्रेम की अभिव्यक्ति की। गणेश वंदना की आकर्षक प्रस्तुति ने माहौल भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक मुन्ना चौहान कहा कि बुजुर्ग परिवार की रीढ़ होते हैं, जो बच्चों में संस्कार पैदा करते हैं। बुजुर्गों के अनुभव से बच्चों को जिंदगी का अनुभव मिलता है।

कोटद्वार महाविद्यालय में एनएसयूआई व कण्वघाटी में अभाविप की झोली में गया अध्यक्ष पद

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में 1252 छात्र–छात्राओं ने किया मतदान

कोटद्वार महाविद्यालय में मतदान के लिए पहुंचे विद्यार्थियों के परिचय पत्र की जांच करते शिक्षक।

कोटद्वार महाविद्यालय के प्रवेश द्वार के समीप अपने प्रत्याशी के लिए प्रचार करते विद्यार्थी ।

कोटद्वार महाविद्यालय में चुनाव के दौरान तैनात पुलिस कर्मी ।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार व राजकीय महाविद्यालय कण्वनगरी में शनिवार को छात्र संघ चुनाव संपन्न हो गए। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में एनएसयूआई व कण्वनगरी में अभाविप ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। कोटद्वार महाविद्यालय में पंजीकृत कुल 3842 छात्र–छात्राओं में से 1252 ने ही अपने मत का प्रयोग किया।

महाविद्यालय में सुबह आठ बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई थी। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए महाविद्यालय परिसर व प्रवेश द्वार पर पुलिस की तैनाती की गई थी। परिचय पत्र जांच के बाद ही विद्यार्थियों को परिसर में प्रवेश दिया गया। देर शाम को जारी हुए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के चुनाव परिणाम में अध्याक्ष पद पर एनएसयूआई के अंकुश घिल्डियाल को 502, अभाविप के मोहित सिंह नेगी को 428 व जय हो के सन्नी बेबनी को 279 मत प्राप्त हुए।

उपाध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिवानी अग्रवाल को 593 व जय हो की तनु नेगी को 479 मत प्राप्त हुए। सह सचिव पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अजय नेगी को 727 व जय हो के देव को 314 मत मिले। विश्व विद्यालय पद पर जय हो व कोषाध्यक्ष पद पर मेघा ध्यानी ने जीत दर्ज की।

जयहरीखाल में अविनाश नेगी बने अध्यक्ष

भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में अध्यक्ष पद पर अविनाश नेगी ने जीत दर्ज की है। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर हेमंत कुमार, महासचिव पद पर अंकित बुड़ाकोटी , सहसचिव निकिता, कोषाध्यक्ष साक्षी व विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद पर अतुल कुमार ने जीत दर्ज की है।

राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में अभाविप की जीत

कोटद्वारः राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में अभाविप ने अपना परचम लहराया है। अध्यक्ष सहित सचिव, उपाध्यक्ष व सह सचिव पद पर संगठन के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं, विश्व विद्यालय पद पर एनएसयूआई की अंजली विजय रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं व विजेता प्रत्याशियों ने भाबर क्षेत्र में हर्ष रैली निकालकर अपनी जीत की खुशी जाहिर की। शनिवार शाम को घोषित हुए परिणाम में अखिल भरतीय विद्यार्थी परिषद की प्रत्याशी अंशिका केष्टवाल को 185 मत व विपक्षी एनएसयूआई के प्रत्याशी अमन रावत 145 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर अभाविप के आयुष रावत को 209 जबकि, एनएसयूआई की प्रियंका जोशी को 113 मद प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर सौरभ सिंह को 186 व पारस नेगी को 142 मत प्राप्त हुए। सह सचिव पद पर प्रज्जवल गौरेला को 185 व पुनित भट्ट को 145 मत मिले। जबकि विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद पर एनएसयूआई की अंजली रावत को 176 व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सुनैना जोशी को 160 मद प्राप्त हुए।

राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में जीत के बाद रैली निकालते अभाविप कार्यकर्ता

ऑनलाइन ठगी में महिला सहित दो गिरफ्तार, नाईजरिया से जुड़े तार

डालर पार्सल एयरपोर्ट से छुड़वाने के नाम पर वसूलते थे मोटी रकम ,22 दिसंबर को बालासौड़ निवासी एक महिला से हुई थी ठगी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः दिल्ली एयरपोर्ट से डालर पार्सल छुड़वाने के नाम पर आनलाइन ठगी करने वाले एक गिरोह से जुड़ी महिला व युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले के तार अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़ रहे हैं। उक्त मामले में संलिप्त एक नाईजरियन नागरिक दिल्ली जेल में भी बंद है। जबकि, दो अन्य आरोपित अब भी फरार चल रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने बताया कि 22 दिसंबर को बालासौड़ निवासी यशोदा देवी पत्नी वीरेंद्र सिंह ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि किसी व्यक्ति ने उनको फोन पर विदेश से पार्सल भेजने की बात कर एयरपोर्ट से पार्सल छुड़ाने के नाम पर पांच लाख रुपये की डिमांड की। व्यक्ति पर भरोसा करते हुए उन्होंने अलग–अलग समय में उसके खाते में पांच लाख रुपये की धनराशि डाल दी। कुछ समय बाद जब उक्त नंबर पर संपर्क किया गया तो वह बंद हो गया था। अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने बताया कि मामले में तहरीर मिलते हुए मुकदमा दर्ज कर पुलिस की विशेष टीम गठित कर दी गई थी। पीड़ित महिला द्वारा जिस खाते में पैसे डाले गए थे जिसकी डिटेल निकाली गई। जिसके आधार पर पुलिस फरीदाबाद हरियाणा तिलपत मार्ग निवासी 24 वर्षीय कृष्ण कुमार के पास पहुंची। कृष्ण कुमार ने बताया कि उक्त खाता उसके नाम पर है लेकिन, इसका पूरा संचालन फरीदाबाद ग्राम बुडाना निवासी तान्या पत्नी सुनील उर्फ सोनू करती है। मामले में पुलिस दोनों आरोपितों को पकड़कर कोटद्वार ले आई। पूछताछ में महिला तान्या ने बताया कि युवाओं से संपर्क कर उनका बैंक में खाता खुलवाकर उसे दिल्ली बौराडी संतनगर निवासी बिसडम ओकाफोर जो की नाईजिरियन नागरिक है उसे उपलब्ध करवाती थी। कुछ माह पूर्व बिसडम ओकाफोर के जेल जाने के बाद वह खाते कृष्णनगर बसंतकुंज नई दिल्ली निवासी सचिव व बहादुरशस्त्री मार्ग दिल्ली निवासी मृणाल थापा को उपलब्ध करवाने लगी। इन्हीं खातों में ठगी की रकम मंगवाई जाती थी। रकम का कुछ हिस्सा जिन युवाओं का खाता होता था उन्हें भी उपलब्ध करवाया जाता था।

इस तरह करते थे काम

तान्या होटल व अन्य छोटे–मोटे काम करते वाले युवाओं से संपर्क कर उनका बैंक में खाता खुलवाती थी। जिसके बाद वह खाते की पूरी डिटेल बिसडम ओकाफोर, सचिव राय व मृणाल थापा को उपलब्ध करवाती थी। यह तीनों फोन पर लोगों को विदेश से डालर का पार्सल आने की बात कहकर उसे छुड़वाने के एवज में फैसे मांगते थे। ठगी गई रकम को उक्त खातों में मंगाई जाती थी। जिसमें से कुछ हिस्सा तान्या उनके नाम पर खाता खोला गया है उन्हें भी उपलब्ध करवाती थी।

कोटद्वार कोतवाली में पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपित

कोरोना संक्रमण को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

सीएमओ ने जनता से की मास्क पहनने और टीका लगाने की अपील

पौड़ी : कोरोना संक्रमण के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पतालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। वर्तमान में पौड़ी जिले में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य स्तर पर कोविड बूस्टर डोज की डिमांड भेजी गई है। सीएमओ ने जनता से अपील की है कि कोविड के प्रसार को रोकने के लिए मास्क अवश्य पहनें व कोविड टीकाकरण पूरा करे।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि जिले में कोविड टीकाकरण के लिए पहली व दूसरी डोज का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। जिले में वैक्सीन की कमी को देखते हुए 1500 कोविड बूस्टर डोज की राज्य स्तर पर मांग की गई है, जो कि जिले को जल्द ही मिल जाएंगी। बताया कि वर्तमान में जनपद में कोविड का कोई भी मरीज नहीं है, लेकिन फैलते संक्रमण को देखते हुए सभी चिकित्सालयों को निर्देश जारी किए गए है। सभी चिकित्सालयों को टेस्टिंग बढ़ाने, बुखार से सम्बन्धित आने वाले मरीजों का आवश्यक रुप से कोविड टेस्ट कराने, चिकित्सालयों में आक्सीजन प्लांट, वैंटीलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर को क्रियाशील स्थिति में रखने, पाजीटिव सैंपल की जीनोम सिक्वैन्सिग और कोविड की रोकथाम, बचाव एवं उपचार को हेतु चिकित्सा कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने मास्क व सैनीटाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही तैयारियां पूरी करने के लिए कहा गया है। जिसकी जिला स्तर से निगरानी की जा रही है।

शिविर में पूर्व सैनिकों की समस्याएं निस्तारित

पौड़ी : जिला सैनिक बोर्ड लैंसडौन द्वारा धुमाकोट में शिविर का आयोजन किया गया। धुमाकोट सैनिक विश्राम गृह परिसर में जिला सैनिक कल्याण विभाग द्वारा मासिक भ्रमण का कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 35 पूर्व सैनिकों, वीर नारियों की पेंशन, भौतिक सत्यापन, पूर्व सैनिक कार्ड आदि समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी सहायक अधिकारी द्वारा दी गयी। शिविर में सहायक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी महेंद्र सिंह रावत, कनिष्ठ सहायक रमेश सिंह गुसाई, कल्याण कर्ता राजेश वर्मा, ब्लाक प्रतिनिधि सुंदर सिंह मौजूद रहे।

अध्यक्ष पद पर दो वोट से जीते संतोष

पौड़ी : राजकीय महाविद्यालय उफरैखाल में शनिवार को हुए छात्र संघ चुनावों में अध्यक्ष पद पर संतोष बिष्ट ने दो वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरे स्थान पर नीलम रही। संतोष को 96 मत मिले। अन्य सभी पदों पर चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि सचिव पद पर पूजा, सह सचिव संजय, उपाध्यक्ष विरेंद्र, कोषाध्यक्ष अनुसूया निर्विरोध चुने गए। इन सभी पदों पर एक-एक ही नामांकन हुआ था। निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. संजीव मेहरोत्रा, डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. उमा आर्य, डॉ. अनीता नेगी, शैलेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

चौंदकोट महोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः मुनाल सांस्कृतिक मंच लखनऊ के सहयोग व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से मालवीय उद्यान में आयोजित दो दिवसीय चौंद कोट महोत्सव का समापन हो गया है। महोत्सव के दौरान लोक संस्कृति के संरक्षण में प्रयासरत विभिन्न विद्वान जनों को सम्मानित किया गया।

महोत्सव के प्रथम दिवस पर लोक संस्कृति के संरक्षण में प्रयासरत शिक्षाविद जगमोहन सिंह रावत, महेंद्र सिंह नेगी, रेनू नेगी, गिरीश चंद्र नैथानी, कोतवाली प्रभारी विजय सिंह व समाज सेवी भाग सिंह रावत को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व महापौर हेमलता नेगी ने अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक विक्रिम बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत फूल माला के स्थान पर पौधे प्रदान कर किया। तत्पश्चात गढ़वाल की संस्कृति से जुड़े लोक कलाकारों ने गायन व नृत्य में गढ़वाली लोकगीत प्रस्तुत किए। द्वितीय दिवस पर भी लोक संस्कृति के संरक्षण में प्रयासरत छायाकार कमल बिष्ट को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात संस्कृति विभाग उत्तराखंड कोटद्वार की क्षेत्रीय सांस्कृतिक दल मंसार लोक कला सांस्कृतिक समिति ने राकेंद्र रौथाण के निर्देशन में गढ़वाल के पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को नाचने को मजबूर कर दिया। वहीं गायन में पूनम भट्ट ,सोनाली, प्रमोद रावत रेखा उत्तराखंडी व निकिता व नृत्य कलाकार दीपिका पंत, मोनिका आर्य, दीप्ति डोबरियाल, अंकित भट्ट, रोहित, अजेश डबराल, मानसी बिष्ट, नीतिका सिंह ने कार्यक्रम में समां बांधा। मुख्य निर्णायक प्रकाश गढ़वाली, वीरेंद्र भंडारी, आशा गंगनानी आदि रहे।

थलीसैंण में आशीष अध्यक्ष, वीरेन्द्र निर्विरोध बनें उपाध्यक्ष

पौड़ी : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में अध्यक्ष, उपध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष सहित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर निर्विरोध चुनाव हुए है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई है। शनिवार को अध्यक्ष पद पर आशीष मंमगाईं, उपाध्यक्ष पद पर वीरेन्द्र सिंह, सचिव पद पर शांति, सहसचिव पद पर मनीषा नेगी, कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी नेगी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पर सुरेन्द्र सिंह को शपथ दिलाई गई। सभी छात्र संघ कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए है। महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा बीए व बीएससी से सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र सौरभ जुयाल, छात्रा सिमरन, एमए से सर्वोच्च अंक प्राप्त आकाश सिंह, क्रीड़ा से अनिल सिंह गुसाईं, राष्ट्रीय सेवा योजना से प्रीति, सांस्कृतिक परिषद से सुष्मिता को सदस्य के रूप में नामित कर शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने छात्र संघ कार्यकारिणी से छात्रों, महाविद्यालय के हित में मिलकर काम करने का आवाह्न किया।

इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर छात्रों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वार : लोक संस्कृति दिवस एवं प्रतिभा दिवस के अवसर पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में उत्तराखण्ड के गांधी स्वर्गीय इन्द्रमणि बडोनी को विनम्र श्रद्धाजंलि देकर उनकी स्मृति में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य ने लेखन सामग्री प्रदान करके सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी, एसएमसी अध्यक्षा सोनिया देवी, पूर्व अध्यक्षा सुनीता नेगी, अनुराधा चौहाना, भगत सिंह नेगी ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। साथ ही स्व0 इन्द्रमणि बडोनी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार ने स्व0 इन्द्रमणि बडोनी को उत्तराखण्ड आन्दोलन का प्रणेता बताते हुए राज्य निर्माण में उनके योगदान को बताया। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने उत्तराखण्ड के गांधी स्व0 इन्द्रमणि बडोनी को गांधीवादी विचाराधारा का उपासक बताते हुए कहा कि वे एक ओजस्वी वक्ता के साथ ही प्रसिद्ध रंगकर्मी थे। उत्तराखण्ड के लोक वाद्य यंत्रों को बजाने में वे बहुत निपुण थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने लोकगीत व लोकनृत्यों की सुन्दर प्रस्तुतियां देकर उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति छटा बिखेर। मनीषा और साक्षी ने 'कंदूणी झंक्याली-झुंक्याली', रिया, दिया और यशवी ने 'लबरा छोरी', आरूषि, कनिष्का, प्ररेणा ने गढ़वन्दना 'जो जस देई', कशिश, यन्त्रिका, अक्षिता, शालिनी, चाँदनी, अंजलि की टीम ने 'हे नंदा हे गौरा, कैलाशु की जात्रा, अंशिका, किरन, राधिका, जिया, सलोनी, करिश्मा, साक्षी ने 'डांड्यू का फूल-फुल्यार' अनुष्का, अर्चना, दिया, प्रियंका, शिवानी, रोनिका की टीम ने थड़िया गीत की शानदार प्रस्तुतियां दी।

पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती हुई छात्राएं।

सेंटा क्लॉस ने बच्चों को दिए उपहार

पौड़ी : क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में ईसाई समाज के लोगों ने शहर में क्रिसमस रैली निकाली। इस दौरान सेंटा क्लॉस ने बच्चों को उपहार भी दिए। शनिवार को शहर के धारा रोड, अपर बाजार, एजेंसी चौक से होते हुए क्रिसमस रैली निकाली गई। रैली के दौरान विभिन्न झांकियों के साथ ईसाई समाज के लोग जमकर झूमे।

जयंती को उत्तराखण्ड के गांधी को किया याद

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय इंटर कॉलेज देवलगढ़ में स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती को लोक संस्कृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर स्व. बडोनी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर भाषण, सरस्वती वंदना, लोकनृत्य, लोकगीत में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश मणिलाल, ओम प्रकाश, नीरज पुरोहित ने बडोनी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुरारी कुमार, सागर, संध्या, ऋतु, मेनका, रवीना, सौम्या, दिव्या, कशिश, मेनका, संजना, खुशी, प्रियंका, हिमांशु, लव कुमार, अभिनव कुमार, शुभम पुरी, आनंद आदि छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। संचालन मनमोहन भट्ट ने किया। (एजेंसी)

सरणा में लगाई चौपाल, डीएसओ ने सुनी समस्याएं

पौड़ी : सरकार जनता के द्वार के तहत खाद्य विभाग की ओर से पाबौ ब्लाक के सरणा में चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में डीएसओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

डीएसओ केएस कोहली ने बताया कि उच्च स्तर की समस्याओं को कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। डीएसओ ने बताया कि मनरेगा और अन्य विभागों के द्वारा ग्राम सरणा में 2021-22 में किए गए कामों और 2022-23 में गतिमान कामों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। आंगनबाड़ी सरणा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरणा, राजकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरणा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। चौपाल में ग्राम्य विकास, बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु सिंचाई, लोक निर्माण, मनरेगा, पशुपालन, राजस्व, खाद्य आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम में डॉ. केके मिश्र, अनूप कुमार चमोली, रमेश गुसाईं, डॉ. पंकज सिंह, हिमांशु पांडे, मेहरबान सिंह, हेमेंद्र कुमार, पूनम राणा सहित उप प्रधान अरविंद सिंह, देवेश्वरी देवी, देपा, रेखा, सरिता आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा परिसर छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई की ऐतिहासिक जीत, पंकज बने अध्यक्ष, गौरव बने सचिव

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विवि के सोबन सिंह जीना कैंपस अल्मोड़ा में छात्रसंघ चुनाव संपन्न हो गए। एनएसयूआई के पंकज सिंह कार्की ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। पंकज सिंह कार्की को 2063 मत मिले और प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी के कृष्ण कुमार सिंह नेगी को 786 मत मिले। अल्मोड़ा परिसर में छात्रसंघ चुनाव के लिए अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर 16 उम्मीदवारों ने दावेदारी की थी। परिसर में 5876 छात्र–छात्राएं पंजीकृत थे। अपराह्न 2 बजे तक हुए मतदान में 9 बूथों पर कुल 2955 छात्र छात्राओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच सीधी टक्कर थी। लेकिन मामला वहाँ ख़राब हुआ जब एबीवीपी के बागी आशीष जोशी ने भी दावेदारी पेश की थी, लेकिन परिसर चुनाव कमेटी ने उनका नामांकन रद्द कर दिया। शुक्रवार को आयोजित आमसभा के दौरान जहाँ सभी प्रत्याशियों ने शक्तिप्रदर्शन किया वहीं एबीवीपी के बागी आशीष ने भी जुलूस निकाला। शनिवार को हुए मतदान के दौरान सभी तैयारियां चाकचौबंद रहीं। कॉलेज के मेनगेट और परिसर के गेट पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। छात्र–छात्राओं, परिसर स्टाफ के अलावा अन्य किसी को भी परिसर में घुसने की अनुमति नहीं थी। सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ। लगभग 3 वर्ष बाद चुनाव हुए तो छात्र छात्राओं में जोश था।

यहाँ उपाध्यक्ष और सांस्कृतिक सचिव के पद पर निर्विरोध चयन हुआ। उपाध्यक्ष पद पर पंकज फर्तियाल निर्विरोध निर्वाचित हुए तो वहीं सांस्कृतिक सचिव के लिए नितिन रावत निर्विरोध चुने गए। छात्रा उपाध्यक्ष पद पर रूचि कुटोला ने जीत दर्ज की है। छात्रा उपाध्यक्ष पद पर रूचि कुटोला को 1667 और दिव्या जोशी ने 1176 मत प्राप्त किए। सचिव पद पर गौरव भंडारी ने 1740 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की और प्रतिद्वंद्वी नितिन खोलिया को 1127 मत प्राप्त हुए।

बडोनी की जयंती पर छात्रों को बांटी स्वेटर

चम्पावत : चम्पावत के राइका सिप्टी में इंद्रमणी बडोनी की जयंती मनाई गई। शनिवार को जयंती समारोह के अध्यक्ष सामश्रवा ने बडोनी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, कन्नड़ भाषा पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान छठी कक्षा से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क विद्यालय परिवेश और स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर भीम पाल, एलएम बोहरा, कैलाश भट्ट, मनोज पांडेय, इंद्रजीत लमयान, पुष्पा लमयान, खिलावती, आस्था बिष्ट, नीता, चंद्रावती, जीवंती कोहली रहे। (एजेंसी)

बार और बेंच दोनों एक दूसरे के पूरक

काशीपुर : उच्च न्यायालय नैनीताल के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शरद शर्मा ने कहा कि काशीपुर बार एसोसिएशन बहुत पुरानी है और यहां के कई सदस्य न्यायिक अधिकारियों के रूप में सेवा दे रहे हैं ।

कहा कि विधिक ज्ञान की ज्योति से अधिवक्तागण सुलभ एवं सस्ता न्याय का रास्ता प्रशस्त करते हैं।

न्यायमूर्ति शरद शर्मा शनिवार को बार भवन सभागार में काशीपुर बार एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता व न्यायिक अधिकारी मिलकर आमजन को न्याय दिलाते हैं। एसोसिएशन ने जो भी मांग रखी हैं, उन पर विचार कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल ने कहा कि बार और बेंच दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। काशीपुर बार एसोसिएशन हमेशा बार और बेंच में समन्वय स्थापित रखती है।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय चौधरी व सचिव प्रदीप चौहान ने कहा कि भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत काशीपुर बार के प्रथम अध्यक्ष रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता विधिक सहायता देने की वह कुंजी हैं, जिसे खोलकर समाज विधिक जानकारी प्राप्त कर न्याय पा सकता है। इस दौरान वर्षभर का लेखा–जोखा पेश किया गया, जो कि सर्वसम्मति से पारित किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का माल्यापर्ण व स्मृति चिह्न देकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम से पहले न्यायमूर्ति शरद शर्मा ने न्यायालयों का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रथम अति. जिला जज सुबीर कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मिथिलेश पांडेय, सीनियर सिविल जज पायल सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेश सिंह, सिविल जज जूडि कल्पना सिंह, बार काउंसिल उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष हरीश नेगी, बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष ताजबर अब्बास नकवी, उपसचिव अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष सनत पैगिया, नीरू उपाध्याय, भाष्कर त्यागी, कैलाश सिंह बिष्ट, रहमत अली खान, रामकुंवर चौहान, आनंद रस्तोगी, रक्षित जोशी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

न्यूड वीडियो भेजने के आरोप में युवक पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी : हल्द्वानी के मुखानी थाना क्षेत्र में युवती को फोन कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक लालडांठ क्षेत्र की एक युवती की ओर से मिली तहरीर में कहा गया है कि बुधवार को उनके नंबर पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप वीडियो आया। डाउनलोड करने पर देखा तो युवती का ही न्यूड वीडियो भेजा गया था। कुछ देर बाद आरोपी ने युवती से फोन पर संपर्क किया। फोन पर बात करते समय आरोपी ने कहा कि अपनी नई न्यूड वीडियो भेजो, नहीं तो वह इस वीडियो को इंटरनेट पर वायरल कर देगा। विरोध करने पर आरोपी ने बदनाम करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी वीडियो को कई जगह वायरल कर दिया है। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। व्हाट्सएप और कॉल नंबर की जांच की जा रही है। (एजेंसी)

इंद्रमणि बडोनी की जयंती धूमधाम से मनाई

रुद्रपुर : शनिवार को उत्तराखंड के महान क्रांतिकारी एवं अलग उत्तराखंड राज्य स्थापना के संघर्ष की नींव रखने वाले इंद्रमणि बडोनी की जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से बडोनी के जन्मदिन को यादगार बनाया।

कारगिल इलेवन ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



चम्पावत : बनबसा के मिनी स्टेडियम में आयोजित तृतीय स्व. कैप्टन भूपाल सिंह थापा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में कारगिल इलेवन ने केनाल-बी को 33 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कारगिल इलेवन की टीम ने 16 ओवरों में नौ विकेट खोकर 114 रन बनाए। टीम की ओर से सर्वाधिक 32 रन किशन और 27 रन सूरज सक्सेना ने बनाए।

केनाल-बी के गेंदबाज इमरान और सौरभ ने दो-दो चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केनाल-बी की टीम महज 14.2 ओवरों में सारे विकेट खोकर 81 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से विक्की भंडारी ने 21 और माधव ने 14 रन बनाए। कारगिल इलेवन के गेंदबाज सूरज सक्सेना ने पांच और योगेश पांडे ने तीन विकेट लिए।

टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सूरज सक्सेना को मैन ऑफ द मैच तो किशन कश्यप को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मुख्य अतिथि मैक्सटोन कुक व सौरभ हॉस्पिटल के संचालक डॉ. प्रेम सिंह खड़ायत ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानिक किया। यहां जिपं सदस्य पुष्कर कापड़ी, पूर्व जिपं सदस्य विमला सजवान, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, जनक चंद, यूजिन जॉर्ज, वाल्टर वाइट, जय चंद, पवन कापड़ी, अभिषेक गोयल, इंदर सिंह बिष्ट, विनोद उप्रेती, शकील अहमद मंसूरी के अलावा आयोजक कमेटी के सदस्य जंग बहादुर थापा, जगदीश चंद्र, राकेश चंद्र, निक्की चंद, योगेश पांडे, अजय बिष्ट, शंकर चंद्र रहे। (एजेंसी)

इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

चम्पावत : इंद्रमणि बडोनी की जयंती लोक संस्कृति दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

जूनियर हाईस्कूल फोर्ती में प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह मेहता ने उत्तराखंड राज्य निर्माण में स्व. बडोनी के योगदान पर प्रकाश डाला।

छात्राओं ने लोक संस्कृति पर आधारित गीतों में नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं की ग्रीटिंग कार्ड और चार्ट निर्माण प्रतियोगिता में दीपांशु, शीला, आयुष शर्मा, गौरव जोशी, लक्की जुकरिया, पियूष, काजल, शिवानी, निहारिका अव्वल रही। जीआईसी लोहाघाट में शिक्षक श्याम चौबे की अध्यक्षता पर मुख्य अतिथि डॉ. एके द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान लोक नृत्य, लोक गीत, निबंध और भाषण प्रतियोगिता हुई। लोक व्यंजन के स्टाल लगाए। बाराकोट के जीआईसी मऊ में प्रभारी प्रधानाचार्य रितेश वर्मा के दिशा निर्देशन पर शिक्षक अरिमर्दन सिंह ने बडोनी के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन सुभाष गिरी ने किया। (एजेंसी)

बाइक चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

बागेश्वर : कोतवाली पुलिस ने कार में आग लगाने व बाइक चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई होगी। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार को 112 नंबर से सूचना मिली की ग्राम खोली अमतोड़ा में एक ऑल्टो कार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दी है। कार से साथ खड़ी स्कूटी भी इसकी जद में आ गई। इसी दौरान एक सूचना और मिली की थुड़ाई में भी एक कार क्षतिग्रस्त हुई है। 112 नंबर ही राजकुमार पांडे निवासी थुड़ाई ने बताया कि 22 दिसंबर की रात उनकी मोटर सइाकिल किसी ने चोर दी है। एक रात में इतनी घटनाएं होने से लोग दशहत में आ गए। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली में आईपीसी की धारा 436, 427 बनाम दीपक परिहार व रोहित कुमार निवासी खोली तथा आईपीसी की धरा 379 में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर कुकुड़माई तिराहा खोली गांव के पास से दीपक परिहार पुत्र मोहन सिंह परिहार तथा रोहित कुमार पुत्र दीवान राम निवासी खोली की निशानदेही पर मोटर साइकिल बरामद कर ली है। दोनों को न्यायलय में पेश किया जाएगा। (एजेंसी)

पति-पत्नी विवाद में दोनों के खिलाफ केस दर्ज

हल्द्वानी : वनभूलपुरा में पति-पत्नी का विवाद थाने पहुंच गया। पति-पत्नी ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक निवासी उसमान अली का कहना है कि उसकी ज्वेलरी की दुकान है। दुकान की ऊपरी मंजिल में ही वह रहता है। उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों को दूसरा मकान दिया है। इसके बाद भी पत्नी आए दिन विवाद करती है। आरोप लगाया कि 21 दिसम्बर को पत्नी ने जबरन दुकान में घुसकर ज्वेलरी और नगदी छीन ली। आसपास के लोगों के आने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए चली गई।

मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी जाए

चम्पावत : उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रितों का तहसील गेट पर दो घंटे का धरना दिया।

उन्होंने तहसील के माध्यम से परिवहन सचिव अरविंद सिंह ह्यांकि को ज्ञापन सौंपकर निगम में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दिए जाने की मांग की।

शनिवार को उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रित संगठन के अध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व में तहसील के बाहर दो घंटे धरना प्रदर्शन किया।

जिसके बाद उन्होंने तहसील में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सरकार को रोडवेज मृतक आश्रितों की सुध नहीं है। जिससे रोडवेज मृतक आश्रित शारीरिक और मानसिक रुप से परेशान हो गए हैं।

बताया कि अन्य विभागों में मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी जा रही है। लेकिन परिवहन निगम के मृतक आश्रितों को सरकार अनदेखा कर रही है।

जिससे मृतक आश्रितों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने तक प्रतिदिन धरने पर डटे रहने की चेतावनी दी है। यहां संरक्षक गंगा गिरि गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नीलम सिंह, महामंत्री अंजू पाल, संगठन मंत्री अनिता देवी, सत्य प्रकाश गोस्वामी आदि रहे। (एजेंसी)

झोपड़ी में लगी आग, हजारों का सामान राख

काशीपुर : चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में आग लगने से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। शनिवार को बाजपुर रोड स्थित हिम्मतपुर निवासी ज्ञानी सिंह की पुत्री घर में खाना बना रही थी। इस दौरान चूल्हे की चिंगारी से उसकी झोपड़ी में आग लग गई। आस–पड़ोस के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। तब तक आग से झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। ज्ञानी सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। (एजेंसी)

बच्चों के हुनर और अभिनय को दर्शकों ने सराहा

रुद्रपुर : लिटिल चैम्पियन स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के हुनर और अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे तथा पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रेमा विश्वास व स्कूल संस्थापक महेश प्रसाद ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शुक्रवार देर शाम सरस्वती व गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज हुआ। बच्चों ने पहाड़ी, भोजपुरी, राजस्थानी, गीतों के अलावा रिकार्डिंग डांस, लघु नाटिका पेश कीं। 'हम इंडिया वाले आदि गानों पर बच्चों ने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि अरविंद पांडे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी अब प्रमुख रूप से स्कूलों पर है, इसलिए बच्चों की पढ़ाई के प्रति अभिभावकों को सचेत रहना चाहिए। उन्होंने 'बेटी बचाओ, देश बचाओ का संदेश दिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार, प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, प्रधानाचार्या अनीता त्रिपाठी सिंह, कोऑर्डिनेटर कंचन कुणाल, अमिता गोयल, मीना सामंत, हीरा जंगपांगी, सरिता सक्सेना, चन्दन न्याल, कैलाश शर्मा, सुनीता रावत, सोनी कोश्यारी, प्रियंका पाठक आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

हल्द्वानी में अर्द्ध सैनिकों के लिए कैंटीन खोलने की मांग की

हल्द्वानी : सेवानिवृत्त व सेवारथ अर्द्धसैनिक परिवार कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन ने शनिवार को स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान अर्द्धसैनिकों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की गई। सभी ने एक स्वर में हल्द्वानी में कैंटीन खोलने की मांग की। शनिवार को नगर निगम सभागार में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि संगठन सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहा है। 17 साल सेवा देने के बाद भी जवान समाज के लिए अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकारों ने अर्द्धसैनिकों के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किए। पर्वतीय जिलों में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था में लगातार गिरावट आ रही है। पूर्व अर्द्धसैनिक अच्छे कार्य कर रहीं संस्थाओं के साथ जुड़कर व्यवस्था सुधारने को संघर्ष करेंगे। उन्होंने जन मिलन केंद्र खोलने के लिए मेयर का आभार जताया। समापन पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक वीडी उपाध्याय, संरक्षक केसी पंत, संस्थापक लोकमणि जोशी, हेमंत सिंह, एएस लटवाल, मदन सिंह डसीला, जेसी पांडेय, जगदीश परगाईं, ललित मोहन नोलिया, देवकी नंदन कांडपाल, नवीन पंत आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

लाखों के जेवरात चोरी, जांच में जुटी पुलिस

काशीपुर : बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र के मोहल्ला थाना साबिक निवासी शमा परवीन पत्नी इरफान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि वह 23 दिसंबर की शाम अपने भाई के घर गई थी। उसी रात अज्ञात चोर छत के रास्ते उसके घर में घुस आए और लगभग 12 तोला सोने जेवर चोरी कर लिए।

सकारात्मक बनकर आगे बढ़े बच्चें और सजग रहें

रुद्रपुर : एसआरएम इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सेंटा क्लाज बनकर क्रिसमस दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा के साथ लोक संस्कृति दिवस भी मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उत्तराखंड ऐपण आर्ट, लोकनृत्य, उत्तराखंड का राज्य गीत, उत्तराखंड के गांधी कहे जाने वाले इंद्रमणि बडोनी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उत्तराखंड के निर्माण तथा विकास में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए भाषण भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्या द्वारा स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों ने भी बडोनी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय के शिक्षकों ने कुमाउनी भाषा में गीत गाते हुए इंद्रमणि बडोनी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने व सकारात्मक बनकर आगे बढ़ने एवं सदैव सजग रहने का आह्वान किया। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

वाहन स्वामियों ने रॉयल्टी घटाने की मांग की

रुद्रपुर : खनन वाहन स्वामियों की बैठक में रॉयल्टी घटाने की मांग प्रमुखता से रखी गयी। शनिवार को मण्डी परिसर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रॉयल्टी 35 रुपये से घटाकर 25 रुपये करने, कांटे की तुलाई 120 से घटाकर 50 रुपये करने की मांग की गयी। वाहन स्वामियों ने कहा कि खनन वाहन स्वामी घाटे में कारोबार कर रहे हैं। क्रशर में रेता, बजरी के रेट कम होते हैं। रेट स्थिर करने की मांग की गयी। आरोप लगाया कि पट्टाधारक व क्रशर स्वामी दोनों वाहन स्वामियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। खनन वाहन स्वामियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हल्द्वानी : राजकीय इंटर कॉलेज ढेला का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हो गया है। इसका शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत व सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने किया। कार्यक्रमों के साथ पढाई में सर्वश्रेष्ठ रहे विद्यार्थियों, खेलकूद में राष्ट्रीय, राज्य, जनपद स्तर पर गए बच्चों, साहित्यिक अभिरुचियों के लिए सर्वोत्तम छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती व इंद्रमणि बडूनी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। फिर गिरीश तिवारी गिर्दा लिखित उत्तराखण्डा मेरी मातृभूमि के सामूहिक वाचन हुआ।बच्चों द्वारा उत्तराखंडी संस्कृति को केंद्र में रख विभिन्न कार्यक्रम हुए। अतिथियों ने विद्यालय विकास में पूर्ण शयिग का वादा किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, सीपी खाती, नवेन्दु मठपाल, दिनेश निखुरपा, मनोज जोशी, प्रताप रावत, भावना अधिकारी, हरीश चंद्र, बालकृष्ण चन्द, सुभाष गोला, प्रेम सिंह, नरेश कुमार, संजीव कुमार, ऊषा पवार, पद्मा, शैलेन्द्र भट्ट, सन्त सिंह, प्रदीप शर्मा मौजूद रहे। (एजेंसी)

चम्पावत में बूंदाबादी से बढ़ी ठंड

चम्पावत : लगातार धूप के बाद मौसम ने शुक्रवार की देर रात एकदम करवट ली। गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हुई। जिससे ठंड बढ़ गई। शुक्रवार की देर रात हवा चलने के बाद लगभग दो बजे रात गरज के साथ बूंदाबांदी होने लगी। बूंदाबांदी होने से ठंड बढ़ गई। लोग गर्म कपड़ों में भी ठिठुरते दिखे। बाजार भी देर से खुले, सड़कों पर सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा। (एजेंसी)

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

सतपुली बाजार में विजयी जुलूस निकालते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं समर्थक।

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद में एनएसयूआई के प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। शनिवार को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. संजय कुमार व निर्वाचन अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार उपाध्याय द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओ व छात्र-छात्राओं ने अध्यक्ष दिव्या बुडकोटी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि अभिषेक, कोषाध्यक्ष आकांशा का फूलमाला से स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समर्थकों के साथ महाविद्यालय से मुख्य बाजार में ढोल के साथ विजयी जुलूस निकालकर जश्न मनाया।

संस्कृति दिवस के रूप में मनाई बडोनी की जयंती

नई टिहरी : राज्य निर्माण आंदोलन को धार देने वाली शख्सियत स्व. इंद्रमणी बडोनी की जयंती पर नई टिहरी जिले में उन्हें याद किया गया है। उनकी जयंती को स्कूलों में लोक संस्कृति दिवस के रूप में मनाया गया।

राज्य आंदोलन के प्रणेता और उत्तराखंड के गांधी स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती को बतौर उत्तराखंड लोक सांस्कृतिक दिवस रूप में मनाते हुए राज्य निर्माण आंदोलनकारियों ने शहीद स्मारक नई टिहरी में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने भी स्व. इंद्रमणी बडोनी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज सिलारी प्रतापनगर में बडोनी के जन्म दिवस पर लोक संस्कृति दिवस का आयोजन किया गया। जबकि गणेश चौक पर अवस्थित पार्क में फोटो प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया। शहीद स्थल पर आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए राज्य आंदोलनकारी विक्रम बिष्ट ने कहा कि आज का दिन सांस्कृतिक दिवस के रूप में प्रदेश भर के विद्यालयों में तथा राज्य स्तर पर मनाया जाना चाहिए। वीरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि राज्य आंदोलन की अवधारणा के अनुरूप हमारे गांव सरसब्ज रहने चाहिए जिसके लिए हम लोगों को अपने गांव की जमीनों को उपयोग में लाना चाहिए और एक समृद्ध उत्तराखंड की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। अधिवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने शहीद स्थल को राज्य आंदोलनकारियों के स्मारक के रूप में स्थापित कर उसको भव्य रूप से विकसित करने का सुझाव दिया। गोष्ठी का संचालन कर रहे आंदोलनकारी मंच के उपाध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने किया। मौके पर राज्य आंदोलकारी मंच के अध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट, विक्रम सिंह कठैत, जय प्रकाश पांडे, गोपाल चौहान, सुंदर सिंह कठैत, बीरेंद्र सिंह नेगी, मुनेंद्र भट्ट, रमेश कृषाली, राजेन्द्र असवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

गरीब परिवारों को प्रलोभन से बचना चाहिए

श्रीनगर गढ़वाल : जन उड़ान संस्था के अध्यक्ष कुशलानाथ ने धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के परिवारों के द्वारा धर्म परिवर्तन किया गया है, तो उन लोगों को आरक्षण को छोड़ देना चाहिए।

कहा कि अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के गरीब परिवारों को प्रलोभन से बचना चाहिए और धर्मांतरण करवाने वाले लोगों को चिह्नित करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

ई ग्राम स्वराज का प्रशिक्षण दिया

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी की कोटद्वार शाखा आईटीडीए कैल्क की ओर से दुगड्डा ब्लाक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्लाक के निर्वाचित ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों को ई ग्राम स्वराज और ई सर्विस का प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों को पोर्टल के माध्यम से विकास कार्यों को संपादित करना और सर्टिफिकेट संबधी प्रशिक्षण दिया गया। यह जानकारी आईटीडीए के निदेशक डा. नंद किशोर जखमोला ने दी।

उत्तराखण्ड के गांधी की जयंती को लोक संस्कृति दिवस के रूप में मनाया

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड के गांधी स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती को नागेन्द्र इंका बजीरा में लोक संस्कृति दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई।

शनिवार को विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने उत्तराखंड के गांधी के नाम से विख्यात लोक संस्कृति के ध्वज वाहक स्व. इन्द्रमणि बडोनी की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने स्व. बडोनी द्वारा राज्य आंदोलन में उनके द्वारा दिये गये योगदान को याद करते हुए उन्हें गढ़वाली भाषा का ध्वज वाहक बताया है। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय इन्द्रमणि बडोनी को एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ साथ अपने पौराणिक एवं लोक संस्कृति का संरक्षक भी बताया है।

इस मौके पर शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने गढ़वाली भाषा पर आधारित लोक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी हैं।

प्रभारी सचिव आज ग्राम पंचायत मराल में लगायेगें चौपाल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : रविवार 25 दिसम्बर को सुराज दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा चौपाल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं में अवस्थापना, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, स्वच्छता आदि विभिन्न विषयों पर ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना जाएगा। इस दौरान सुझाव भी लिये जायेगें। सुराज दिवस के उपलक्ष में 25 दिसंबर को विधानसभा यमकेश्वर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मराल के रत्ता पानी प्राथमिक विद्यालय में प्रातः 11 बजे चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें जनपद के प्रभारी सचिव दिलीप जावलकर द्वारा लोगों की समस्या सुनी जायेगी। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य विकासखण्डों में नामित विभिन्न अधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान किया जायेगा। विकासखण्डों के ग्रामों में आयोजित चौपाल के लिए नामित अधिकारी चौपाल में उठाए गये मुद्दों/समस्याओं के निराकरण के संबंध में जनपद स्तर पर रिपोर्ट संकलित कर जिलाधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट नियोजन विभाग को भेजी जायेगी। समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिये गये सुझावों का संकलन नियोजन विभाग के स्तर पर किया जायेगा।

नैनीडांडा में अध्यक्ष पद पर आठ वोट से जीती सलौनी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी सलौनी ने आठ वोट से जीत दर्ज की। जबकि महासचिव पद पर एनएसयूआई के सूरजपाल 26 मतों से विजयी रहे।

ढोल सम्राट डॉ. सोहनलाल का किया सम्मान

नई टिहरी : जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग-नरेंद्रनगर ने युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और ढोल सम्राट डॉ. सोहनलाल का ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल में सम्मान किया। कांग्रेस ने ढोल सम्राट सोहनलाल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया।शनिवार को हिंडोलाखाल में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष (देवप्रयाग-नरेंद्रनगर) उत्तम सिंह असवाल व अन्य पधिकारियो ने युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व ढोल सम्राट डॉ. सोहन लाल का सम्मान करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किये। जिलाध्यक्ष असवाल ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं पंचायत चुनाव को देखते युवा कांग्रेस पर युवाओं को पार्टी से जोड़ने की अहम जिम्मेवारी है। युवा कांग्रेस को जनता के समक्ष जन विरोधी युवा विरोधी भाजपा सरकार की असलियत लाने का काम करना है।

उन्होंने ढोल वादक सोहन लाल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलना देवप्रयाग क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताई। ढोल सम्राट डॉ. सोहन लाल ने सम्मान के लिए कांग्रेस जनों का आभार जताते कहा कि, उन्हें खुशी है कि सभी लोग पुरातन लोक वाद्य ढोल दमाऊं की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सांस्कृतिक उत्सवों में ढोल दमाऊं के अधिक प्रयोग से यह विरासत जीवित रहेगी। युकां जिलाध्यक्ष आशीष रणाकोटी, विधान सभा अध्यक्ष अंकित सिंह, उपाध्यक्ष अभिषेक उनियाल ने पार्टी उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। समारोह में पीसीसी सदस्य श्यामलाल आर्य, सेवादल जिलाध्यक्ष राजेंद्र चन्द, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष जगदीशचंद्र आर्य, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन सिंह बिष्ट, सुमन रावत, अंजना कुमार, मंगतराम मटियाल, शशि प्रकाश भट्ट, आशीष पंवार, विनोद रौथाण, मुकेश कुमार, रमेश लाल, राजेंद्र रावत, हेमंत भट्ट, केशवानंद तिवारी, केशवानंद डंगवाल, भगवान दास, कमल सिंह भंडारी, दिलबर सिंह रावत, प्रकाश उनियाल, हेमंत भट्ट, गुणानंद चमोली शिवराम चमोली आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

बीजीआर परिसर में छात्रों ने की तालाबंदी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीजीआर परिसर पौड़ी में छात्रसंघ पदाधिकारियों, छात्र नेताओं ने विभिन्न समस्याओं के हल करने की मांग को लेकर शनिवार को परिसर के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी की। इस दौरान कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। छात्र नेताओं ने परिसर निदेशक के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन भेजा। शनिवार को पौड़ी परिसर के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी करते हुए छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार पौड़ी परिसर की उपेक्षा की जा रही है। साल 2018 से अभी तक कुलपति पौड़ी परिसर नहीं आई हैं। विवि प्रशासन पौड़ी परिसर के छात्रों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। केंद्रीय विश्वविद्यालय होने के बाद भी छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। छात्रसंघ अध्यक्ष ने परिसर में एमकॉम शुरू करने, लंबे समय से शिक्षकों के रिक्त पद जल्द भरने, छात्रावास में सोलर वाटर हीटर लगाने, परिसर की सड़कों का डामरीकरण करने एवं परिसर में वाई-फाई की सुविधा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर वरुण नौटियाल, अमन नेगी, सार्थक, अंकित रावत आदि शामिल थे।



फिर आपदा में अवसर

शासन सिर्फ शक्ति से संचालित नहीं होता। बल्कि उसकी साख भी एक बड़ी चीज होती है। भेडिया आया वाली कहानी इस सिलसिले में सबको याद रखनी चाहिए। इसलिए कि ऐसा ना हो कि जब सचमुच भेडिया आए, तब भी ऐसे शोर पर लोग यकीन ही ना करें।

चीन, जापान, दक्षिण कोरिया आदि देशों में कोरोना संक्रमण की आई लहर को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारत सरकार ने आपदा में श्अवसर की अपनी रणनीति को फिर याद किया है। 2020 में कोरोना संक्रमण आते ही सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे मशहूर शाहीनबाग आंदोलन से मुक्ति पा ली थी। अब निशाने पर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा है। वरना, अभी जबकि सरकार ने कोई आम अनिवार्य एडवाइजरी जारी नहीं की है। कहीं भी मास्क पहनना या सोशल डिस्टेंसिंग को जरूरी नहीं बनाया गया है। लेकिन एक भाजपा सांसद की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह जरूरी समझा कि राहुल गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख कर कोरोना के खतरे से आगाह किया जाए। पत्र में कहा गया कि या तो यात्रा के दौरान कोरोना नियमों का पालन किया जाए या फिर यात्रा रोक दी जाए।

अगर कोरोना लहर का खतरा वास्तविक है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह ऐसे परामर्श या आदेश जारी करे। लेकिन अगर ऐसे पत्र सिर्फ सत्ताधारी समूह के लिए असहजता पैदा कर रही किसी राजनीतिक गतिविधि को भेजा जाएगा, तो उस पर जरूर सवाल उठाए जाएंगे। इसके पहले बच्चों के कथित राजनीतिक उपयोग का आरोप लगाते हुए भी संबंधित सरकारी संस्थान ने भारत जोड़ो यात्रा पर शिकंजा कसने की कोशिश की थी। अलग-अलग मसलों पर जो सियासी विवाद खड़े किए गए, वो तो अलग ही हैं। बहरहाल, सरकार, मंत्रियों और उसकी संस्थाओं को यह अवश्य समझना चाहिए कि ऐसे एकतरफा और राजनीति से प्रेरित महसूस होने वाली उनकी कार्रवाइयों से खुद ही उनकी ही साख कमजोर होती है। उससे सत्ताधारी समूह की समर्थक जमातों में जरूर उत्साह पैदा होता होगा, लेकिन समाज के अन्य हिस्सों में आक्रोश भरी प्रतिक्रिया होती है। यह भी समझने की बात है कि शासन सिर्फ शक्ति से संचालित नहीं होता। बल्कि उसकी साख और प्रतिष्ठा भी एक बड़ी चीज होती है। श्भेडिया आया वाली कहानी इस सिलसिले में सबको याद रखनी चाहिए। इसलिए कि ऐसा ना हो कि जब सचमुच भेडिया आए, तब भी ऐसे शोर पर लोग यकीन ही ना करें।

कश्मीर में प्रदूषण : चिंता तो गहरी है

कश्मीर और लद्दाख का इलाका अपनी विशिष्ट संसति के लिए जाना जाता है। कश्मीर की संसति की झलक इतिहास प्रसिद्ध कल्हण जैसे लेखकों की कलम से भी उकेरा गया। मुगल बादशाह तो यहां कि खुबसुरती से इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने इस पूरे क्षेत्र को धरती पर स्वर्ग की उपमा दे डाली दी। आज हर कोई इसे धरती पर स्वर्ग कहने से गुरेज नहीं करता। अपने प्रातिक सौंदर्य के कारण ही कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा गया है। इसे स्विट्जरलैंड की तुलना में भारत का स्वर्ग कहते हैं। मगर मौजूदा दौर में पर्यावरण प्रदूषण का विषय यहां की सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरा है। हालांकि सरकारी-गैर सरकारी स्तरों पर कई उपाय किए जा रहे हैं। मगर इंसानी करतूत इस दूरगामी परिणाम को नहीं समझ पा रहा और गलती पर गलती करता जा रहा है। अगर समय रहते इसका ठीक से निवारण नहीं हुआ तो एक दिन यह हमारे अस्तित्व के लिए ही खतरा बन जाएगा।

सुशील देव

भारत के प्रदूषित शहरों की तुलना में साफ एवं स्वच्छ शहरों की चर्चा होती है तो बरबस ही लोगों की जुबान पर पहाड़ी क्षेत्रों के राज्यों के नाम आ जाते हैं।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर के राज्य या दक्षिणी भारत राज्यों के शहरों का नाम प्रमुखता से लिए जाते हैं। इनमें भी नदी, पहाड़, जंगल और बर्फीली वादियों की अनुपम छटाओं के कारण कश्मीर को तो भारत का स्वर्ग कहा जाता है। मगर इस स्वर्ग में भी प्रदूषण के कारण नारकीय स्थिति बनना शुरू हो जाए तो कितनी अचंभे वाली बात है। जी हां, देश के अन्य प्रदूषित शहरों की तुलना में जम्मू-कश्मीर राज्य पीटे नहीं है।

जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में प्रदूषण से हर साल करीब 10 हजार लोग अपनी जान गंवा रहे हैं यानी कश्मीर में अब जहरीली हवा चलने लगी है। यहां श्रीनगर जैसे शहर का एक्यूआई स्तर 150 से ज्यादा होने लगी है। ऐसा माना जा रहा है कि यहां प्रदूषण आतंकवाद से भी ज्यादा खतरनाक हो गया है। आंकड़े बताते हैं कि इस साल आतंकवाद की वजह से करीब 250 लोगों की मौत हुई जबकि प्रदूषण ने 10 हजार लोगों की जान ले ली। यह दावा वहां के सबसे बड़े अस्पताल शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान ने किया है।

संस्थान के विशेषज्ञों के मुताबिक वहां की हवा में पार्टकुिलेट मैटर 25 होने की वजह से ये मौतें हो रही हैं। सोचने वाली बात तो यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2018 में श्रीनगर को दुनिया के 10 में सबसे प्रदूषित शहर के रूप में घोषित किया था। ज्ञात हो कि 108 देशों और 4300 शहरों में सर्वे किए जाने के बाद यह घोषणा की गई थी। यदि अन्य कारणों पर गौर किया जाए तो यहां की घाटी में सर्दियों के दौरान खूब लकडियां जलाई जाती हैं। दूरदराज के इलाकों में बिजली और गैस की सुविधा नहीं हैं। कश्मीर में करीब 20 लाख पेट्रोल-डीजल वाहन हैं, और 24 प्रतिशत घरों में चौपहिया वाहन हैं, जो केरल के बाद सबसे ज्यादा हैं।

जबकि उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में अभी भी मात्र 7 प्रतिशत से अधिक चौपहिया वाहन नहीं हैं। कश्मीर में सेब, अखरोट, बादाम समेत करोड़ों की संख्या में फलदार पेड़ हैं। फसल उतारने के बाद इनके पत्तों को यहां पराली की तरह जला दिया जाता है। इसी तरह हर साल वहां 1246 टन कोयला जलता है जो वार्षिक उत्सर्जन का 84त्न है। इसके अलावा ईट भट्टे और सीमेंट की फैक्ट्री भी संचालित होती हैं। जम्मू-कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला के सबसे ऊंचे हिस्सों में स्थित है।

कश्मीर और लद्दाख का इलाका अपनी विशिष्ट संसति के लिए जाना जाता है। कश्मीर की संसति की झलक इतिहास प्रसिद्ध कल्हण जैसे लेखकों की कलम से भी उकेरा गया। मुगल बादशाह तो यहां कि खुबसुरती से इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने इस पूरे क्षेत्र को धरती पर स्वर्ग की उपमा दे डाली दी। आज हर कोई इसे धरती पर स्वर्ग कहने से गुरेज नहीं करता। अपने प्रातिक सौंदर्य के कारण ही कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा गया है। इसे स्विट्जरलैंड की तुलना में भारत का स्वर्ग कहते हैं। मगर मौजूदा दौर में पर्यावरण प्रदूषण का विषय यहां की सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरा है। हालांकि सरकारी-गैर सरकारी स्तरों पर कई उपाय किए जा रहे हैं। मगर इंसानी करतूत इस दूरगामी परिणाम को नहीं समझ पा रहा और गलती पर गलती करता जा रहा है। अगर समय रहते इसका ठीक से निवारण नहीं हुआ तो एक दिन यह हमारे अस्तित्व के लिए ही खतरा बन जाएगा।

कल-कारखानों का धुआं, नदियों में कचरा बहाना, प्लास्टिक के कचरे का निस्तारण न होना या दिवाली में पटाखे जलाना हमें खतरे में डाल रहे हैं यानी जल, थल और वायु के प्रदूषण से यहां हम कितने सेहतमंद हैं, इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है। पर्यावरण बचाना आज दुनिया भर के लिए एक गंभीर मुद्दा है। भारत के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की बात करें तो दिल्ली-एनसीआर यानी नोएडा, गाजियाबाद, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, कैथल, गुरुग्राम आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही बेगूसराय, ग्वालियर और कानपुर जैसे शहरों का नाम भी प्रदूषित शहरों में अव्वल है, परंतु वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक इंदौर, सूरत, नवी मुंबई, अंबिकापुर, मैसूर, विजयवाड़ा, अहमदाबाद, नई दिल्ली, चंद्रपुर, खरगोन, राजकोट, तिरु पति, जमशेदपुर, भोपाल, गांधीनगर, चंडीगढ़, बिलासपुर, उज्जैन, नासिक और रायगढ़ आदि को स्वच्छ शहरों की श्रेणी में गिना जाता है।

चिंता इस बात की है कि यहां भी प्रदूषण की समस्याएं कम नहीं। अगर इस गंभीर चिंता पर समय से विचार नहीं किया गया तो हमारे जीवन के लिए यह और भी दुखदायी हो सकता है। इसलिए सरकार के साथ लोगों की जनभागीदारी और प्रदूषण के खिलाफ सतर्कता एवं सजगता बेहद जरूरी है। वैसे भी बड़े नगरों और महानगरों से अच्छी-साफ-स्वच्छ आबोहवा में सांस लेने के लिए लोग जम्मू-कश्मीर का रुख करते हैं, लेकिन वहां भी वातावरण में प्रदूषण फैलता हो तो यकीनन समस्या गंभीर होगी और जिससे पार पाने का कोई रास्ता सुझाई नहीं देगा। समय रहते चेतना होगा।

क्या है इलेक्ट्रिक मसल्स स्टिमुलेशन (ईएमएस)? जानिए इस वर्कआउट की महत्वपूर्ण बातें

इलेक्ट्रिक मसल्स स्टिमुलेशन (ईएमएस) वर्कआउट कमजोर या ऐंठन का अनुभव कर रही मांसपेशियों को उत्तेजना देने में सहायक है। यह डीप बैक मसल्स के साथ-साथ शरीर के सभी मांसपेशियों को 95 प्रतिशत तक एक्टिव करता है। कई मशहूर हस्तियों के बीच यह एक्सरसाइज काफी लोकप्रिय है। यह बहुत कम समय तक और हफ्ते में सिर्फ एक बार ही की जाती है। आइए आज हम आपको इस वर्कआउट के बारे में विस्तार से बताते हैं। ईएमएस एक्सरसाइज करने के लिए एक खास सूट पहनते हैं, जिसमें कई इलेक्ट्रोड होते हैं। कुछ ईएमएस स्टूडियो में इस सूट के वायरलेस होते हैं, लेकिन ज्यादातर में इलेक्ट्रोड मशीन से जुड़े होते हैं। एक्सरसाइज को आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है, लेकिन मेडिकल कंडीशन में इस एक्सरसाइज को नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब कोई व्यक्ति इस सूट को पहनकर एक्सरसाइज करता है तो उसके मांसपेशियों को थोड़े और हल्के बिजली के झटके जैसा महसूस होता है। ईएमएस वर्कआउट महज 15 से 20 मिनट तक कर आप इसका पूरा फायदा उठा सकते हैं। कई शोधकर्ताओं का मानना है कि केवल 20 मिनट की ईएमएस एक्सरसाइज करने से 90 मिनट की इंटेंस एक्सरसाइज करने का लाभ मिल सकता है।

भारत की जी20 अध्यक्षता: वैश्विक संघर्षों में कमी, कार्बनीकरण में कमी, विकास और डिजिटलीकरण से जुड़े 4डी के जरिये समाधान

जी.किशन रेड्डी

पिछले पखवाड़े में, जब से भारत ने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है, दुनिया ने भारतीय अतिथि सत्कार के सार को अतिथि देवो भवरू की उक्ति में निहित देखा है द्द अतिथि, भगवान स्वरुप होते हैं। साझा भविष्य की दृष्टि के साथ, भारत जी-20 की अध्यक्षता वाले वर्ष को एक अवसर के रूप में देखता है। सदी में एक बार होने वाली विघटनकारी वैश्विक महामारी, वैश्विक संघर्षों, आसन्न जलवायु संकट और आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों के साथ, दुनिया वर्तमान में अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, अधिकांश वैश्विक ताकतें, कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की रक्षा करने और उनकी आजीविका को संरक्षित करने पर केंद्रित रहीं हैं। हालाँकि, इनमें से कई अनिश्चितताएँ आज भी विद्यमान हैं। भारत की अध्यक्षता दुनिया को 4डी पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है, ताकि संघर्षों को कम किया जा सकेय त्वरित, न्यायसंगत और समावेशी विकास के लिए तेजी से डिजिटलीकरण हो सके तथा जलवायु संकट से मुकाबले के लिए कार्बनीकरण में कमी लाने को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास किया जा सके।

वैश्विक संघर्षों में कमी और कूटनीति

सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए की प्रतिध्वनि दुनिया भर में सुनायी दी। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जी-20 की संयुक्त घोषणा का आधार वाक्य भी बना। जी-20, वैश्विक

संघर्षों को कम करने के लिए समर्थन जारी रखने का अवसर भी प्रदान करता है।

विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाई है। भारत विकासशील देशों की चिंताओं को मुखर समर्थन देने और यह सुनिश्चित करने में भी सक्षम रहा है कि उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। जी-20 की अध्यक्षता, भारत को उन बड़े शक्तिशाली राष्ट्रों, जिनमें वह भी एक है और छोटे, विकासशील राष्ट्र, जो उस पर भरोसा करते हैंय के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्रदान करती है।

डिजिटलीकरण और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना 2005 और 2021 के बीच, भारत 415 मिलियन लोगों को बहुपक्षीय गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहा है। पिछले 8 वर्षों में, हमने प्रौद्योगिकी के उपयोग और विशेष रूप से डिजिटलीकरण के माध्यम से गरीबी उन्मूलन से जुड़े कार्यों में तेजी देखी है। 2014 में, भारत ने सरकार के नेतृत्व में एक अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत बैंकिंग प्रणाली से बाहर रहे गरीबों और वंचितों के लगभग 500 मिलियन बैंक खाते खोले गए, जिनमें 260 मिलियन महिलाएं शामिल थीं। भारत की डिजिटल पहचान प्रणाली - आधार और एकीत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये, व्यक्तिगत स्तर पर नए तौर-तरीकों के साथ, जनकल्याण से जुड़े धन अंतरण के लक्ष्य पूरे किए गए हैं। 1980 के दशक में एक पूर्व प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की थी कि अंतिम लाभार्थी तक केवल 15 प्रतिशत (1 रुपये में 15 पैसे) ही पहुंच पाता है। 2020 में, जब दुनिया वैश्विक महामारी से जूझ रही थी, भारत महत्वपूर्ण लक्षित नकद अंतरण के माध्यम से सर्वाधिक गरीब लोगों की आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम रहा।

आज भारत की जनसंख्या के विशाल पैमाने पर उपलब्ध पहचान प्रणाली और

विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाई है। भारत विकासशील देशों की चिंताओं को मुखर समर्थन देने और यह सुनिश्चित करने में भी सक्षम रहा है कि उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। जी-20 की अध्यक्षता, भारत को उन बड़े शक्तिशाली राष्ट्रों, जिनमें वह भी एक है और छोटे, विकासशील राष्ट्र, जो उस पर भरोसा करते हैंय के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्रदान करती है।

डिजिटलीकरण और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना 2005 और 2021 के बीच, भारत 415 मिलियन लोगों को बहुपक्षीय गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहा है।

वास्तविक समय पर भुगतान प्रणाली से जुड़ी विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, शेष दुनिया के लिए एक मडल है। कोविड-19 संकट के दौरान भी, वैक्सीन प्लेटफर्म द्द कोविन - ने भारत को अपने टीकाकरण प्रयासों को विस्तार देने और 2 बिलियन से अधिक खुराकें देने में बहुत सहायता की। विकसित और विकासशील दुनिया इन प्रणालियों का अनुकरण कर सकतीं हैं तथा भारत को अपने अनुभव और सीख को बाकी दुनिया के साथ साझा करने में खुशी होगी।

गोयल के बयान से भाजपा नेता भी नाराज

बिहार भाजपा के नेता केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बयान से नाराज हैं लेकिन पार्टी अनुशासन की वजह से कुछ कह नहीं पा रहे हैं। भाजपा के नेता भी चाहते थे कि पीयूष गोयल माफी मांगे या अपने बयान पर खेद जताएं। असल में गोयल ने बुधवार को संसद में एक चर्चा के दौरान बिहार के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की। राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने एक चर्चा के दौरान पिछड़े और गरीब राज्यों पर भी बराबर ध्यान देने की बात कही तो पीयूष गोयल ने अपनी सीट पर बैठे बैठे ही कहा- इनका बस चले तो पूरे देश को ही बिहार बना दें। मनोज झा ने तत्काल इस पर आपत्ति की। बाद में उन्होंने एक चिा लिखी और पीयूष गोयल से माफी मांगने को कहा। एक दिन बाद गुरुवार को गोयल ने अपना बयान वापस ले लिया और कहा कि उनका मकसद किसी का अपमान करना नहीं था।

बहरहाल, बिहार भाजपा की मुश्किल यह है कि उसके नेता गोयल की इस बात का समर्थन नहीं कर सकते हैं क्योंकि यह स्पष्ट रूप से बिहार के अपमान का मामला है। दूसरा कारण यह है कि पिछले 17 साल में से 12 साल से ज्यादा भाजपा भी बिहार सरकार में शामिल रही है। नीतीश कुमार की सरकार में भाजपा बराबर की हिस्सेदार रही है। इसलिए अगर बिहार के पिछड़ेपन को लेकर कोई बात होती है तो उसमें भाजपा भी भागीदार निकलेगी। इसी वजह से राजद को मौका मिला है कि भाजपा पर हमला करने का। प्रदेश भाजपा के नेता मान रहे हैं कि पीयूष गोयल के बयान से पार्टी को नुकसान हो गया क्योंकि बिहार में पहले से यह स्थापित है कि राजद, जदूय ही बिहार की अस्मिता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उस बीच एक बड़े भाजपा नेता का इस तरह से बयान देना पार्टी को और अलग थलग करेगा।

भाजपा के एक प्रदेश नेता ने गोयल से नाराजगी जताते हुए कहा कि कहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार का गुणगान करते नहीं थकते और कहां गोयल से नेता बिहार का अपमान कर रहे हैं।

ऑफिस में लगातार काम के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लेना है जरूरी, होंगे ये बड़े फायदे

अफिस में लगातार आठ से नौ घंटे बैठकर काम करने से परेशानियां होने लगती है। इसकी वजह से थकान होती है, काम करने की गति धीमी हो जाती है और मन भटकने लगता है। वहीं अफिस के दौरान ब्रेक लेकर इधर-उधर घूम लेने या बाहर की हरियाली देख लेने से आपको हल्का और फ्रेश फील होता है, फिर चाहें यह ब्रेक सिर्फ पांच मिनट का ही हो। आइए आज काम के बीच ब्रेक लेने के फायदे जानते हैं।

ध्यान लगाने में मिलती है मदद अफिस में लगातार काम करते रहने से हमारा शरीर थक जाता है, जिसकी वजह से ध्यान भटकने लगता है। ऐसे में मजह पांच मिनट का ब्रेक मिलने से शरीर को रिलैक्स मिलता है और मूड फ्रेश होता है। इसके बाद दोबारा काम की शुरुआत करने से काम बेहतर होगा क्योंकि अब आपका ध्यान पूरी तरह से काम पर रहेगा और दिमाग भी काम पर लगा रहेगा। ब्रेक के दौरान चाय पीकर भी मूड फ्रेश किया जा सकता है। **तनाव कम करने में मदद्गार** जब कोई व्यक्ति काम के दौरान तनाव महसूस करता है तो काम की गति अपने आप धीमी हो जाती है। इसके अलावा तनाव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हमारे काम के मनोबल, प्रेरणा और प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। जब भी तनाव महसूस करें, तो पांच मिनट का ब्रेक लेकर शरीर को स्ट्रेच कर लें और फिर गहरी सांस लें। इससे बेहतर महसूस होगा। इसके अलावा चकलेट या चाय के सेवन से भी तनाव कम किया जा सकता है।

ब्रेक से मिलती है राहत अफिस में काम कर रहे कर्मचारी अपनी टुट्टी के एक दिन पहले रिलैक्स होकर काम करते हैं।

विकास और अकार्बनीकरण

जैसे-जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था विकसित होगी और भारत के लोग अधिक समृद्ध होते जायेंगे, भारत की ऊर्जा संबंधी जरूरतें भी बढ़ेंगी। वर्ष 2015 में, पेरिस में हुए कप-21 शिखर सम्मेलन में, भारत ने 2030 तक अपने कुल बिजली उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से हासिल करने का वादा किया था। इस लक्ष्य को लगभग एक दशक पहले ही नवंबर 2021 में हासिल कर लिया गया। भारत ने दुनिया के सामने इस बात का उदाहरण पेश किया है कि विकास का एजेंडा और पर्यावरण रक्षा की कवायद बिना किसी बाधा के एक-दूसरे के साथ-साथ चल सकते हैं।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) जैसी बहुपक्षीय पहल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अक्सर जलवायु न्याय द्द अलग-अलग जिम्मेदारियों के साथ एक ऐसा न्यायसंगत ढांचा जहां विकसित देश जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी में बदलाव की प्रक्रिया की अगुवाई करें- के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के बारे में बात की है। भारत के पास इस वार्ता को जी-20 में जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की विश्वसनीयता हासिल है कि इन अलग-अलग जिम्मेदारियों का पालन हो।

संयुक्त समृद्धि का साझा भविष्य

भारत ने अपने विचारों और ज्ञान को दुनिया के भौगोलिक और सांसतिक विभाजनों के परे जाकर मुक्त रूप से साझा किया है। जी-20 में भारत की अध्यक्षता का विषय एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य महा उपनिषद के संस्त वाक्यांश वसुधैव कुटुम्बकम द्द समूचा विश्व एक परिवार है- से प्रेरित है । यह विषय न केवल हमारे प्राचीन दर्शन को प्रतिध्वनित करता है बल्कि उत्तरदायित्व, कार्रवाई और समृद्धि के लिए एक संयुक्त आह्वान की राह भी निर्धारित करता है। भारत की 20,000 भाषाओं और विविध संसतियों में, एक साझा वैश्विक भविष्य और आपस में जुड़ी एक विश्व व्यवस्था का विचार एक आम विषय है। छठी शताब्दी ईसा पूर्व के प्रसिद्ध तमिज कवि कनियान पूनगुनरानार ने लिखा था, इस पृथ्वी पर स्थित सभी स्थान हमारे शहर हैं और सभी लोग हमारे रिश्तेदार हैं, हम सभी के पूर्वज एक ही हैं।

ये दर्शन हमें न सिर्फ पीढ़ी-दर-पीढ़ी सौंपे गए हैं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय

चेतना में भी अंतर्निहित हैं। अब यह नियमित रूप से दिखाई देता है कि भारत कैसे दुनिया के साथ जुड़ता है। संकट के समय और एक भयानक वैश्विक महामारी के दौरान, भारत ने 150 से अधिक देशों को कोविड-19 से संबंधित चिकित्सीय एवं अन्य सहायता उपलब्ध करायी। वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के माध्यम से, भारत ने 94 देशों और दो संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं को कोविड के टीके की लगभग 75 मिलियन खुराकें प्रदान की है। रूस और यूक्रेन के बीच शत्रुता के दौर में, भारत सरकार ने न सिर्फ 90 से अधिक उड़ानें संचालित करके 22,500 भारतीय छात्रों को निकाला बल्कि लगभग 20 देशों के 150 से अधिक विदेशी नागरिकों को भी बचाया।

अब जबकि भारत ने जी20 की अध्यक्षता ग्रहण कर ली है, अमृत काल के हिस्से के रूप में अगले 25 वर्षों के लिए उसने खुद के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वह संयुक्त समृद्धि के साथ-साथ एक साझा वैश्विक भविष्य का आधार बन सकता है। कार्रवाई और विकास की ओर उन्मुख यह अध्यक्षता एक ऐसी नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिए प्रयास करेगी जो अंतरराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा दे और एक स्थायी, समग्र एवं समावेशी तरीके से न्यायसंगत और समानता पर आधारित विकास की हिमायत करे और ऐसा बिल्कुल ही संभव है।

(लेखक भारत सरकार में केन्द्रीय संसति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं)

रिश्वत मामले में देना बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक को 5 साल की सजा

नई दिल्ली ,एजेंसी। अहमदाबाद की एक विशेष सीबीआई अदालत ने रिश्वत मामले में देना बैंक, चांदखेड़ा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक यूबी मकवाना को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अदालत ने उसे जेल की सजा सुनाते हुए अपराध करने के लिए उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 17 जुलाई, 2002 को मकवाना के खिलाफ एक व्यक्ति से अवैध रूप से 30,000 रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया था। पीडित का आरोप है कि आरोपी ने बकाया कर्ज के निपटारे में पक्ष दिखाने के एवज में रिश्वत की मांग की। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को 20,000 रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा।विवेचना के पश्चात अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया।

अमेरिका में मरीन में भर्ती होने वाले सिखों को मिली दाढ़ी रखने और पगड़ी बांधने की इजाजत

वाशिंगटन ,एजेंसी। अमेरिका की अदालत ने नौसैनिकों को आदेश दिया कि वे मरीन में भर्ती होने वाले सिखों को दाढ़ी और पगड़ी रखने की इजाजत दें। धार्मिक टूट की अनुमति देने से सामंजस्य कम होगा। अमेरिकी सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल, सभी पहले से ही सिख धर्म की धार्मिक मान्यताओं को समायोजित करते हैं। अदालत ने इलीट यूनिट के उस तर्क को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धार्मिक आधार पर टूट देना आपस में एकजुटता को कमजोर करेगा। यूएस आर्मी, नेवी, एयरफोर्स और कोस्ट गार्ड के साथ कई विदेशी सेनाएं सिखों को धार्मिक आधार पर सुविधाएं देती हैं। लेकिन यूएस मरीन ने पिछले साल परीक्षा पास करने वाले तीन सिखों को 13 हफ्ते के प्रशिक्षण और युद्ध की संभावनाओं के दौरान टूट देने से इनकार कर दिया था। हालांकि इसके अलावा शेष समय के लिए उन्हें दाढ़ी बढ़ाने और पगड़ी पहनने की इजाजत दे दी गई थी। अदालत ने कहा कि मरीन ने पुरुषों को रेजर बम्प्स, एक त्वचा की स्थिति, शेविंग से टूट दी, महिलाओं को अपने केशविन्यास बनाए रखने की अनुमति दी और बड़े पैमाने पर टैटू की अनुमति दी, जो व्यक्तिगत पहचान की सर्वोत्ष्ट अभिव्यक्ति है

चीन में कोरोना से हालात बेकाबू, सड़क पर रस्सी बांधकर मरीजों को लग रही ड्रिप, संतरों के लिए मारामारी

बीजिंग ,एजेंसी। कोरोना के कारण चीन में हालात खराब होते जा रहे हैं। हालात इतने विस्फोटक हैं कि सड़क पर रस्सी बांधकर मरीजों को ड्रिप लगाई जा रही है। अस्पतालों में शवों की बेकद्री हो रही है। आलम यह है कि शवों के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। चीन में विस्फोटक हुए हालातों को लेकर कई वीडियो वायरल हुए हैं और इन वीडियोज के कारण पूरी दुनिया में चीन की बदनामी हो रही है। जो वीडियो सामने आए हैं उनके क्लिप दिल को हैरान करते हैं। कई वीडियोज में संतरे के लिए लोग भिड़ते दिख रहे हैं तो एक क्लिप में तो मरीज बेड पर गुस्से में पैर मारते दिख रहा है। चीन में रोजाना 10 लाख कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं। 24 घंटे में करीब 5 हजार मौतें हो रही हैं, ऐसे ही चलता रहा तो जनवरी में रोजाना कोरोना के नए केस 37 लाख पर पहुंच जाएंगे। मार्च में ये आंकड़ा 42 लाख हो जाएगा। चीन में कोरोना हाहाकार के बीच ब्लूमबर्ग ने सरकार के शीर्ष स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुमान के हवाले से बताया कि, चीन में लगभग 37 मिलियन यानी 3 करोड़ 70 लाख लोग एक ही दिन में कोविड-19 से संक्रमित हो सकते हैं।

राहुल के बयान पर भाजपा का तंज, पूछा- टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ चलकर कैसे फैला सकते हैं प्यार?

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लालकिले से राहुल गांधी के संबोधन को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी प्यार फैलाने की बात कर रहे हैं. लेकिन उनके साथ ऐसे लोग भी आ रहे हैं जो भारत को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि लाल किले से अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्हें कहीं भी नफरत या हिंसा नहीं दिखी मगर मैं जब भी न्यूज चौनल खोलता हूं तो हमेशा नफरत-हिंसा दिखाई देती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ये आपका ध्यान इधर से उधर लेकर जाना चाहते हैं। जो सच्चे मुद्दे हैं उस पर आपका ध्यान गलती से भी नहीं चला जाए।

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि

राहुल गांधी प्यार फैलाने की बात कर रहे हैं. लेकिन उनके साथ ऐसे लोग भी आ रहे हैं जो भारत को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अलग-अलग जगहों पर टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग उनके साथ चले। उनके साथ चलकर राहुल गांधी प्यार कैसे फैला सकते हैं?

रविशंकर प्रसाद ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने मेक इन इंडिया की बात की। आज भारत चीन के बाद मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि सैमसंग और एप्पल फोन अब भारत में बन रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर सेना को लेकर दिए उनके बयान को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने आज फिर भारतीय सेना पर सवाल उठाया। वह पूछ रहे हैं कि जमीन कब वापस होगी? लेकिन सवाल यह है कि जमीन कब ली गई? वीडियो में दिखाया गया है कि सेना तवांग में मुंहतोड़ जवाब दे रही है और वह कहते है कि सेना शपिट्टी हैश। सेना के बारे में अभद्र टिप्पणी करना उनकी पार्टी की रणनीति है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में प्रवेश कर चकी है। इस दौरान उन्होंने लाल किले से कार्यकर्ताओं-लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार को महंगाई और गरीबी के मुद्दे पर घेरा। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की कड़कड़ाती ठंड के बीच टी-शर्ट पहनकर पैदल मार्च करने के सवालों का भी जवाब दिया।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं, कुछ उद्योगपतियों की सरकार है। मैं 2,800 किमी चला, मुझे कहीं भी नफरत या हिंसा नहीं दिखी मगर मैं जब भी न्यूज चौनल खोलता हूं तो हमेशा नफरत-हिंसा दिखाई देती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ये आपका ध्यान इधर से उधर लेकर जाना चाहते हैं। जो सच्चे मुद्दे हैं उस पर आपका ध्यान गलती से भी नहीं चला जाए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार सुबह बदरपुर बर्डर से दिल्ली में प्रवेश कर गई। राहुल गांधी की अगुवाई में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' का आज 108वां दिन है। राहुल के साथ इस यात्रा में पार्टी के आला नेताओं, कलाकार, खिलाड़ियों, युवाओं के साथ लगभग सभी वर्ग और समुदाय के लोग और पार्टी के हजारों कार्यकर्ता भी शामिल हो रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली पहुंचने पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, रबर्ट वाड्रा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी इसमें शामिल हुए।

राजस्थान वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक, एग्जाम से 10 मिनट पहले परीक्षा रद्द- 44 हिरासत में

जयपुर ,एजेंसी। राजस्थान में एक बार फिर से एग्जाम का पेपर लीक हो गया, जिस कारण परीक्षा रद्द कर दी गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित करवाई जा रही वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के ग्रुप सी का सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र लीक होने के बाद यहां युवा के सपनों पर पानी फिर गया। पेपर लीक की जानकारी मिलने के बाद परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले आयोग के चेयरमैन संजय कुमार श्रोत्रिय ने प्रश्न पत्र को निरस्त करने की घोषणा भी कर दी है।

आयोग के चेयरमैन संजय कुमार श्रोत्रिय ने बताया कि उदयपुर के बेकरिया इलाके में बस में सवार केंडिडेट्स के पास सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र होने की जानकारी मिली थी। हालांकि बस को रूकवार जांच एसओजी की ओर से करवाई जा रही है। श्रोत्रिय ने माना कि गड़बड़ी हुई है, ऐसे में सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र को फिलहाल निरस्त करवा दिया गया है। किन कारणों से यह चूक हुई, इसकी जांच भी चल रही है।

वहीं उदयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेकेंड ग्रेड भर्ती परीक्षा के पेपर आउट मामले में 44 युवकों को पकड़ा है। उदयपुर एसपी के निर्देश पर गोगुंदा-पिंड़वाडा हाइवे पर बेकरिया थाने के बाहर अलसुबह बस को पकड़ा। नाकाबंदी कर पुलिस ने बस में चेकिंग की तो उसमें बैठे कई युवाओं के पास पेपर का कंटेंट मिला। इस पर पुलिस को डाउट हुआ और ओरिजनल पेपर से चेक करवाया तो पेपर से कई सवाल मैच हो गए। उदयपुर एसपी विकास शर्मा आज शाम तक पूरे मामले का खुलासा करेंगे।

साईक्लोन बम्ब ने मचाई तबाही, 10 लाख घरों की बिजली गुल- 5000 से ज्यादा उड़ानें रद्द

वशिंगटन ,एजेंसी। अमेरिका में इस साल भीषण ठंड और बर्फबारी का कहर देखने को मिल रहा है। साइक्लोन बम्ब की वजह से 10 लाख से अधिक अमेरिकियों के घरों की बिजली गुल हो गई, जिस वजह से उन्हें शुक्रवार का पूरा दिन अंधेरे में रहना पड़ा।दरअसल सर्दियों के बर्फीली तूफान ने देश को घेर लिया है। जिसने राजमार्गों को बंद कर दिया, उड़ानें बंद कर दीं और ये खतरनाक मौसम क्रिसमस यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया। सर्दियों के तूफान बम चक्रवात ने अमेरिका में तबाही मचा दी है। भारी हिमपात में हवा इतनी ठंडी है कि तुरंत उबलते पानी को बर्फ में बदल देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका की 70 फीसदी आबादी मौसम की चेतावनी के दायरे में है।

करीब 5000 से ज्यादा फ्लाइ-ट्स केंसिल करनी पड़ी हैं। क्रिसमस के मौके पर यात्रा करने वाले लाखों लोगों की मुश्किलें बहुत बढ़ गईं हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में भारी हिमपात, गरजती तेज हवाओं ने देश के दक्षिणी राज्यों सहित अधिकांश हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया है।

अमेरिका की राष्ट्रीय मौसम सेवा के मुताबिक 20 करोड़ से अधिक अमेरिकी लोग इस तूफानी मौसम की चपेट में हैं, क्योंकि बर्फीली हवा ने तापमान को गिराकर ठंड को -55 फारेनहाइट (-48 सेल्सियस) से कम पर पहुंचा दिया है। भीषण ठंड से सबसे ज्यादा परेशानी बेघर प्रवासियों को हो रही है। टेक्सास में मेक्सिको से आए प्रवासियों ने चर्चों, स्कूलों और नागरिक केंद्रों में शरण लेने की कोशिश की जिससे वहां भारी भीड़ जमा हो गई। स्वयंसेवी संस्थाएं लोगों को कोट, टोपी, दस्ताने, थर्मल अंडरवियर, कंबल और स्लीपिंग बैग आदि सामान बांट रही हैं।

रातों-रात करोड़पति बना ड्राइवर, दुबई में लगी 33 करोड़ की लॉटरी

दुबई ,एजेंसी। दुबई में भारतीय मूल का एक शख्स जैकपट में रातों-रात करोड़पति बन गया। उसे अमीरात में एक लकी ड्र में 15 मिलियन दिरहम (33 करोड़ रुपये) की लटरी लगी है। जैकपट जीतने के बाद उसने कहा कि उसे अभी भी यकीन नहीं आ रहा है। चार साल पहले वह नौकरी की तलाश में भारत से दुबई आया था। तब से वह एक फर्म में ड्रा-इवर की नौकरी करता है और हर महीने 3200 दिरहम कमाता है। उन्होंने बताया कि वह इस रकम को कहां इन्वेस्ट करेंगे।

दुबई में अजय ओगुला ने अमीरात ड्रा में 15 मिलियन दिरहम (33 करोड़) का पुरस्कार जीता है। लटरी पुरस्कार जीतने के बाद, ओगुला ने कहा कि मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैंने जैकपट मारा

अजय ओगुला के हवाले से बताया कि दक्षिणी भारत के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखने वाले ओगुला चार साल पहले नौकरी की तलाश में संयुक्त

एस-400 का इंतजार खत्म, 2023 की शुरुआती महीनों में मिसाइल रक्षा प्रणाली की तीसरी खेप सौंपना शुरू करेगा रूस

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत और रूस के संबंधों में गरमाहट कभी कम नहीं हुई। चाहे कच्चा तेल हो या फिर एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का निर्यात, भारत हमेशा रूस के साथ व्यापार समझौते को मजबूत करता रहा है। इसी बीच शनिवार को जानकारी सामने आई कि अगले साल रूस, जनवरी-फरवरी से भारत को एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली के तीसरे स्क्वाड्रन की आपूर्ति शुरू की जाएगी।

रक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, श्वायु सेना के कर्मियों सहित भारतीय दल, एस-400 वायु रक्षा मिसाइल उपकरण के लिए रूस में थे। तीसरे स्क्वाड्रन की आपूर्ति अगले साल की शुरुआती महीनों तक पूरी की जा सकती है।श सूत्रों ने कहा कि आपूर्ति के संबंध में दोनों देशों के बीच एकमात्र मुद्दा रूस के साथ वित्तीय लेनदेन पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के मद्देनजर

भुगतान करना है।

बता दें कि भारत ने पहले ही रूस से आपूर्ति की गई अपने पहले दो स्क्वाड्रन को चालू कर दिया है।

पश्चिम बंगाल और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में संवेदनशील चिकन नेक करिडोर के साथ-साथ लद्दाख सेक्टर की देखभाल के लिए पहले दो स्क्वाड्रन तैनात किए गए हैं। बता दें कि यह मिसाइल दुश्मन की बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों, लड़ाकू विमानों और 400 किलोमीटर तक की दूरी पर उड़ने वाले मानवरहित हवाई वाहनों का मुकाबला कर सकती है।

भारत ने तीन सालों में रूस से एस-400 (एस-400) वायु रक्षा मिसाइलों के पांच स्क्वाड्रन हासिल करने के लिए 35,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं और सभी इकाइयों की डिलीवरी अगले वित्तीय वर्ष के अंत तक समाप्त होने की उम्मीद है। बता दें कि एस-400 भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए गेंम चेंजर साबित हो सकती है। पिछले कुछ सालों में एमआर-एसएएम और आकाश मिसाइल सिस्टम के की वजह से वायु सेना की ताकत और भी बढ़ गई है।

बता दें कि भारत के पास इजरायली स्पाइडर क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम भी मौजूद है। सूत्रों ने कहा कि एस-400 मिसाइल सिस्टम ने भी अभ्यास में हिस्सा लिया है। इस समय चीन और भारत दोनों के पास वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने संबंधित ै-400 वायु रक्षा प्रणालियां तैनात हैं।

बताते चलें कि मिसाइलों की तैनाती की योजना इस तरह से बनाई गई है कि चीन के साथ पूरा उत्तरी से पूर्वी क्षेत्र कवर किया जाएगा।

इस प्रणाली को रूसी अधिकारियों द्वारा हवाई और समुद्री दोनों मार्गों से भारत पहुंचाया जा रहा है। भारत और रूस अमेठी में एके-203 असल्ट राइफलों के संयुक्त उत्पादन पर भी करीब से काम कर रहे हैं। रूस, भारत को हथियार प्रणालियों को प्रदान करने वाला सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता है। रूस के सैन्य आपूर्ति पर हमारे देश की तीनों सेनाएं बहुत अधिक निर्भर हैं।

यूएस में भारतीय मूल के रिचर्ड वर्मा को बड़ी जिम्मेदारी, जो बाइडेन ने विदेश विभाग में बनाया डिप्टी सेक्रेटरी

वाशिंगटन ,एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय अमेरिकी रिचर्ड आर वर्मा को अमेरिकी विदेश विभाग में एक शीर्ष राजनयिक पद के लिए नामित किया है। व्हाइट हाउस की एक विज्ञप्ति के अनुसार, बाइडेन ने वर्मा को प्रबंधन और संसाधन राज्य के उप सचिव के रूप में नामित करने की अपनी मंशा की घोषणा की।

वर्मा फिलहाल मास्टरकार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख हैं। वह ओबामा प्रशासन के दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत और विदेश विभाग में विधायी मामलों के सहायक सचिव थे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इससे पहले उन्होंने अमेरिका के सीनेटर हैरी रीड (डी-एनवी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में काम किया है। उन्होंने प्रतिनिधि सभा में भी काम किया है। उस समय वह डेमोक्रेटिक पार्टी के व्हिप, अल्पसंख्यक नेता और अमेरिकी सीनेट के तत्कालीन बहुमत के नेता थे। रिचर्ड वर्मा अमेरिकी वायु सेना से सेवानिवृत्त हैं, वहां उन्होंने जज एडवोकेट के रूप में सक्रिय ड्यूटी पर काम किया था। उनके सैन्य पदकों में मेधावी सेवा पदक और एयर फोर्स कमेंडेशन मेडल शामिल हैं।

राजदूत वर्मा को स्टेट डिपार्टमेंट्स डिटिंग्विश्ड सर्विस अवार्ड, काउंसिल अन फरेन रिलेशंस इंटरनेशनल अफेयर्स फैलोशिप प्राप्त हुआ है और इंडिया अब्रार्ड द्वारा 50 सर्वाधिक प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकियों में एक का रैंक दिया गया है। राजदूत वर्मा ने जार्ज टाउन यूनिवर्सिटी ल सेंटर से एलएलएम, अमेरिकन यूनिवर्सिटी के वाशिंगटन कलेज अफ ल से जेडी, लीहाई यूनिवर्सिटी से बीएस की उपाधियां प्राप्त की हैं।

रिचर्ड आर वर्मा का निजी क्षेत्र में भी विशिष्ट करियर है। उन्होंने द एशिया ग्रुप के वाइस चेयरमैन, ग्लोबल ल फर्म स्टेप्टो एंड जनसन एलएलपी के भागीदार और वरिष्ठ सलाहकार के साथ-साथ अलब्राइट स्टोनब्रिज ग्रुप के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में भी कार्य किया है। उन्हें राष्ट्रपति के खुफिया सलाहकार बोर्ड में नियुक्त किया गया था और उन्होंने जनसंहार के हथियारों की रोकथाम और आतंकवाद आयोग के आयुक्त के रूप में भी कार्य किया है और वह श्श्वर्ल्ड एट रिस्क प्रसिद्ध रिपोर्ट के सहलेखक हैं।

बसपा सांसद श्याम सिंह यादव दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे

नई दिल्ली ,एजेंसी। बसपा सांसद श्याम सिंह यादव ने कहा कि वह शनिवार को राजधानी में राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, मैं यात्रा में शामिल होने के लिए अधीर रंजन चौधरी और मणिकम टैगोर के साथ जाऊंगा, यात्रा सद्भाव और विकास के लिए है और इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। गांधी ने यादव को एक पत्र लिखा है- संसद के सदस्य के रूप में, आप भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की रीढ़ हैं और हमारे लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। आप इस बातचीत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और मैं आपको सुनना और हमारे ष्टिकोण को साझा करना चाहता हूं।

भारत में लॉकडाउन जैसे कड़े प्रतिबंध लगाने की जरूरत नहीं, सरकार ने किया साफ

नई दिल्ली ,एजेंसी। कोरोना की नई लहर के कारण चीन की लगातार खराब हो रही स्थिति को देखते हुए भारत भी हरकत में आ गया है। केंद्र सरकार ने राज्यों से अलर्ट रहने के लिए कहा है। इसके लिए टेस्टिंग और ट्रेसिंग का मंत्र दिया है। वहीं, लोगों के मन में कोरोना को लेकर लगाए जाने वाले पाबंदियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने साफ कर दिया है कि देश में कोरोना की स्थिति अभी ऐसी नहीं है कि लकडाऊन जैसे कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं। हालांकि, उन्होंने यह जरूर कहा कि कोरोना खत्म नहीं हुआ है, सतर्क रहें।

मनसुख मांडविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ एक वर्चुअल मीटिंग की। इस दौरान राज्यों को क्रिसमस और नए साल को लेकर मनाए जाने वाले जश्न को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि देश के हालात अभी वैसे नहीं हैं कि कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं।

दिसंबर 2023 तक मुफ्त राशन वितरण को कैबिनेट से मिली मंजूरी

नई दिल्ली ,एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक बड़े फैसले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत एक साल की अवधि के लिए दिसंबर 2023 तक मुफ्त राशन बांटने का फैसला किया। वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि इस कदम से 2 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा जो पूरी तरह से सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।इस कदम से 8135 करोड़ से अधिक एनएफएसए लाभार्थी लाभान्वित होंगे। इससे पहले, एनएफएसए के तहत लाभार्थियों को रियायती दरों पर चावल और गेहूं प्रदान किया जाता था। गोयल ने बताया कि खाद्यान्न, जो अप्रैल 2020 से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत प्रदान किया जा रहा था, उसे भी एनएफएसए कोटा के तहत शामिल किया जाएगा।इस प्रकार पीएमजीकेएवाई को दिसंबर 2022 से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। शुक्रवार के फैसले से पहले एनएफएसए के तहत प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो खाद्यान्न 2-3 रुपये प्रति किलो की दर से मुहैया कराया जा रहा था। अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के तहत परिवारों को प्रति माह 35 किलो खाद्यान्न मिलता है।एनएफ एसए के तहत गरीबों को तीन रुपये प्रति किलो चावल और एनएफएसए के तहत दो रुपये प्रति किलो गेहूं दिया जाता है। अब यह सब लाभुकों को निरूशुल्क दिया जाएगा।

कानूनी लड़ाई या ऑन-फील्ड कार्रवाई? पश्चिम बंगाल विपक्ष तृणमूल को स्टंप करने के तरीकों पर कर रहा विचार

कोलकाता ,एजेंसी। पश्चिम बंगाल में अगले दो वर्षों में लगातार दो चुनावों की पृष्ठभूमि के खिलाफ नए साल में राजनीति में कई दिलचस्प मोड़ आने की संभावना है- पहला त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हैं और अगले साल और 2024 में लोकसभा चुनाव है। पश्चिम बंगाल में ग्रामीण निकाय चुनावों के परिणाम 2008 के बाद से लोकसभा चुनावों के लिए हमेशा एक संकेतक रहे हैं। 2008 में पंचायत चुनावों के परिणामों ने सीपीआई-एम में दरार के पहले संकेत देखे जो पहली बार हुआ था।2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस-तृणमूल कांग्रेस गठबंधन ने सीटों की संख्या के मामले में शक्तिशाली सीपीआई-एम के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे को पछाड़ दिया। इसका परिणाम अंततरू 2011 के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में 34 साल के वाम मोर्चा शासन के पतन के रूप में हुआ।

फिर से 2018 के पंचायत चुनावों में परिणामों ने भाजपा को पश्चिम बंगाल में सबसे दुर्जेय विपक्ष के रूप में उभरते हुए दिखाया, जिसमें वाम मोर्चा दूर से तीसरे स्थान पर था।2019 के लोकसभा चुनावों में इस प्रवृत्ति को गति मिली, जब भाजपा ने 2014 में केवल दो से अपनी सीटों की संख्या बढ़ाकर 18 कर लिया, जबकि वाम मोर्चा की सीटों की संख्या घटकर शून्य हो गई।लेकिन क्या बीजेपी अपने प्रमुख विपक्ष के दर्जे को बरकरार रख पाएगी या ग्रामीण निकाय चुनावों में लाल सेना का पुनरुत्थान होगा? इस सवाल को इसलिए महत्व मिला है क्योंकि 2021 के विधानसभा चुनावों में सीटों की संख्या के मामले में शून्य पर सिमट जाने के बावजूद, बंगाल के वामपंथी पिछले दिनों हुए विभिन्न उपचुनावों और नगर पालिक-ाओं और नगर निगमों के चुनावों में अपने वोट शेयर में काफी सुधार करने में सफल रहे हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर विरोध प्रदर्शनों में सीपीआई-एम के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने काफी हद तक भाजपा द्वारा इसी तरह की पहल की है, जिसके नेता सत्तारूढ़ दल का मुकाबला करने के लिए अदालती लड़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।यह देखा जाना बाकी है कि कानूनी लड़ाई या जमीनी प्रतिरोध तृणमूल कांग्रेस से निपटने के लिए विपक्ष की रणनीति होगी।जहां तक भाजपा का संबंध है, ग्रामीण निकाय चुनावों के लिए उनकी रणनीतिक चालों से यह स्पष्ट हो जाता है कि आने वाले दिनों में अदालती लड़ाइयों पर निर्भरता अधिक होगी।रायगंज से पार्टी के लोकसभा सदस्य देबाश्री चौधरी के नेतृत्व में पंचायत चुनावों के लिए एक समिति बनाने के अलावा, पंचायत चुनावों के लिए कानूनी मामलों और सोशल मीडिया अभियान की देखभाल के लिए एक अलग समिति बनाई गई है।पश्चिम बंगाल में पार्टी के कानूनी प्रकोष्ठ के संयोजक लोकनाथ चट्टोपाध्याय के प्रमुख चेहरे के साथ कानूनी दिमाग समिति पर हावी है।उनके अनुसार जब राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तो विपक्षी दलों के लिए न्याय पाने के लिए अदालतें ही एकमात्र सहारा रह जाती हैं क्योंकि केवल न्यायिक प्रणाली ही सत्तारूढ़ दल के अत्याचारों के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा के लिए उपचारात्मक

तीन खिलाडियों को खरीदने में ही टीमों ने खर्च कर दिए लगभग 52 करोड़ रुपए

नईदिल्ली, आईपीएल 2023 के लिए कल हुई नीलामी में कई खिलाडियों को इतना पैसा मिला है जिसका उन्हें खुद को भी अनुमान नहीं होगा।

इन खिलाडियों पर जमकर पैसा बरसा है। आपकों बता दें की कोच्चि में आयोजित हुए ऑक्शन में कई रिकॉर्ड भी बने। इस दौरान लगभग 80 खिलाड़ी बिके। नीलामी के मामले में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। ग्रीन को मुंबई इंडियंस ने अपने साथ जोड़ा और उन्हें लगभग 17.50 करोड़ खर्च अपने साथ कर लिया। ग्रीन को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस ने कोई कमी नहीं छोड़ी और 17.50 करोड़ खर्च कर दिए।

इनके अलावा बेन स्टोक्स तीसरे नंबर पर रहे, जिन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स ने 16.25 करोड़ में अपने साथ जोड़ा। इस खिलाड़ी की खरीद के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स ने पहले ही तय कर लिया था। वहीं सबसे महंगे बिकने वाले और एक नंबर पर रहे सैम करेन जो 18.50 करोड़ में बिके।

मारिया संन्यास के फैसले पर कर सकते है पुनर्विचार

ब्यूनस आयर्स, फीफा विश्व कप फाइनल मैच में अर्जेंटीना की फ्रांस पर नाटकीय पेनल्टी शूटआउट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एंजेल डी मारिया अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्टो में दी गई है।

टीवाईसी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कहा कि 34 वर्षीय जुवेंटस विगर ने पहले घोषणा की थी कि वह कतर में फुटबॉल विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। डि मारिया के अब 2024 कोपा अमेरिका कप में खेलने की संभावना हैं। डि मारिया ने पिछले रविवार को फाइनल मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पेनल्टी शूट को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढत दिलाई।

आईपीएल के इतिहास में बना रिकॉर्ड, सबसे महंगे बिके इंग्लैंड के सैम करेन

नईदिल्ली, आईपीएल के 16वें एडिशन के लिए कोच्चि में आयोजित हुए मिनी ऑक्शन में कुल 80 खिलाड़ी बिके। इस नीलामी में कुल 405 खिलाड़ी शामिल थे। इस नीलामी में कई खिलाड़ी दबाकर मालामाल हुए है। इतना ही नहीं इस बार की नीलामी में रिकॉर्ड भी बने। यह नीलामी लगभग 6 घंटे तक चली।

इस नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर सैम करेन बिके सैम करेन को पंजाब किंग्स ने 18. 50 करोड़ में खरीदा है। करेन आईपीएल के नीलामी इतिहास में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गए है।

इससे पहले यह रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस के नाम था जिन्हें साल 2021 में राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ में खरीदा था। इस तरह आईपीएल 2023 में सैम करेन सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हुए।

पंजाब किंग्स ने इस मामले में किसी को साथ नहीं आने दिया और इस खिलाड़ी को 18.50 करोड़ में खरीद लिया।

फ्रांस की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ब्लेज मटुइदी ने फुटबाल से संन्यास लिया

पेरिस, फ्रांस की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे ब्लेज मटुइदी ने फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। पैंतीस वर्षीय मटुइदी 2018 में विश्व कप जीतने वाली फ्रांसीसी टीम के सदस्य थे। उन्होंने फ्रांस की तरफ से 84 मैच खेले। इस मिडफील्डर ने राष्ट्रीय टीम की तरफ से अपना आखिरी मैच तीन साल पहले खेला था। मटुइदी ने ट्विटर पर लिखा, फुटबॉल, मैं तुम्हें बहुत चाहता हूं। फुटबॉल तुमने मुझे बहुत कुछ दिया लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैंने अपने सपने को जिया।'' उनके रहते हुए पेरिस सेंट जर्मेन ने चार बार फ्रेंच लीग का खिताब जीता। मटुइदी की मौजूदगी में इटली के युवेंटस ने लगातार तीन बार खिताब जीते।

नामीबिया, जिम्बाब्वे से लेकर आयरलैंड तक इन खिलाडियों पर लगी बोली, एक ने टी20 विश्व कप में ली है हैट्रिक

नई दिल्ली, आईपीएल के अगले सीजन 2023 के लिए 23 दिसंबर को कोच्चि में नीलामी का आयोजन किया गया। मिनी ऑक्शन में सैम करन पर सबसे ऊंची बोली लगाई गई, पंजाब किंग्स ने सैम को 18.50 करोड़ रुपये में खरीदा और उन्हें रातों–रात करोड़पति बना दिया। सिर्फ सैम ही नहीं बल्कि सहयोगी देश के ऐसे 3 खिलाड़ियों पर भी नीलामी में फ्रेंचाइजियों में जबरदस्त बोली लगाई और उन्हें अपनी टीम में शामिल किया।

1. डेविड विसे

लिस्ट में पहले नंबर पर है नामीबिया की तरफ से टी–20 विश्व कप 2022 में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी डेविड विसे का नाम शामिल है। बता दें वो दक्षिण अफ्रीका के लिए 2013 से 2016 के बीच खेले और उस दौरान वो आईपीएल में एक सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए भी खेले।

क्लीन स्वीप करने से 100 रन दूर भारत, तीसरे दिन का खेल समाप्त

नई दिल्ली, भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। तीसरे दिन के दूसरे सत्र के बाद बांग्लादेश 70.2 ओवर में 231 रन पर ऑल आउट हो गया। बांग्लादेश ने भारत के समाने जीत के लिए 144 रन का लक्ष्य रखा है। भारत ने 23 ओवर में 4 विकेट पर 45 रन बना लिए हैं। भारत को क्लीन स्वीप करने के लिए अब 100 रन और चाहिए।

भारत की दूसरी पारी, मेहदी ने बैकफुट पर धकेला

जीत के लिए 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत खराब रही। केएल राहुल 2 रन बनाकर शाकिब का शिकार बने। इसके बाद मेहदी हसन ने भारत को दूसरा झटका दिया। गिल 7 रन बनाकर कैच आउट हो गए। चेतेश्वर पुजारा को मेहदी हसन ने अपना दूसरा शिकार बनाया। मेहदी ने पुजारा को 6 रन के निजी स्कोर पर स्टम्पिंग आउट करवा दिया। विराट कोहली ने एक बार फिर निराश किया। वह 1 रन बनाकर मेहदी का तीसरा शिकार बने। अक्षर पटेल 26 रन और उनादकट 3 रन बनाकर नाबाद लौटे।

बांग्लादेश की दूसरी पारी, शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई टीम

तीसरे दिन का खेल शुरु होते ही भारत के गेंदबाज बांग्लादेश के बल्लेबाजों पर हावी हो गए। अश्विन ने शांतो के रुप में भारत को पहली सफलता दिलाई। शांतो ने 31 गेंद पर 5 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मोमिनुल हक भी कुछ खास नहीं कर सके। 5 रन के निजी स्कोर पर सिराज ने पंत के हाथों कैच करवा दिया। कप्तान शाकिब–अल–हसन भी ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सके और 13 रन बनाकर उनदाकट का शिकार बने। जाकिर हसन और लिटन दास ने अर्धशतकीय पारी खेली। अक्षर पटेल ने तीन, अश्विन और सिराज को दो–दो विकेट मिले। वहीं, उनादकट और उमेश को एक–एक विकेट मिला। इससे पहले भारतीय टीम ने बांग्लादेश की पहली पारी में बनाए गए 227 रन के जवाब में 314 रन बनाए।

फिल्मी गपशप

ओमकारा का रीमेक और देसी बॉयज का सीक्वल बनेगा



बॉलीवुड में कई फिल्मों के रीमेक और सीक्वल की लाइन लगी हुई है। कई लोकप्रिय फिल्मों के सीक्वल की घोषणा हो चुकी है। ऐसी ही एक घोषणा गुरुवार को फिल्म प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने की है। हालांकि, प्रशंसक इन नई घोषणा से खुश नहीं हैं। गुरुवार को आनंद ने चर्चित फिल्म ओमकारा के रीमेक का ऐलान किया। वहीं उन्होंने अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्म देसी बॉयज के सीक्वल का भी ऐलान किया है।इन फिल्मों के लिए आनंद पंडित ने इरोज इंटरनैशनल के साथ हाथ मिलाया है।खबर के मुताबिक आनंद ने अपने बयान में कहा, ओमकारा और देसी बॉयज, स्टोरीटेलिंग, स्टारकास्ट और संगीत के मामले में अपने–अपने समय की यादगार फिल्में हैं। अलग–अलग वजहों से इन दोनों फिल्मों का अपना प्रशंसकवर्ग है। यह बिल्कुल सही समय है कि इन दोनों हिट फिल्मों को नए दर्शकों के लिए नए तरीके से बनाया जाए।इरोज इंटरनैशनल के चेयरमैन सुनील लुल्ला ने भी इस साझेदारी पर अपनी उत्सुकता जताई। उन्होंने कहा, हम अकसर सोचते हैं कि हमारे पसंदीदा फिल्मी किरदारों के साथ क्या हुआ। क्या उनका सफर उन्हें किसी आश्चर्यजनक रास्ते पर ले गया? ये फिल्में ऐसे कई सवालों के जवाब देंगी। हम साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे की इन फिल्मों की वास्तविकता भी बनी रहे और उसमें नई ऊर्जा भी शामिल हो।इस घोषणा पर दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया आई है। जहां फिल्मी साथी उन्हें इस सफर के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं वहीं इन फिल्मों के कुछ प्रशंसक उनसे इन्हें न छेडने की बात कह रहे हैं। एक ट्विटर यूजर ने लिखा, आप ओमकारा का रीमेक मत करो, उसका प्रीक्वल बनाओ। एक अन्य यूजर ने लिखा कि बॉलीवुड के पास नए आइडिया खत्म हो गए हैं। वहीं एक यूजर ने चुटकी लेते हुए लिखा कि ब्रह्मास्त्र का भी रीमेक बना दो। 2006 में आई फिल्म ओमकारा को दर्शकों ने पसंद किया था। इस फिल्म में अजय देवगन, सैफ अली खान और करीना कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, विवेक ओबेरॉय, नसीरूद्दीन शाह और दीपक डोबरियाल भी नजर आए थे। निर्देशक रोहित धवन की फिल्म देसी बॉयज 2011 में आई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण और चित्रांगदा सिंह नजर आए थे। फिल्म नई पीढ़ी के दर्शकों के बीच चर्चित थी।

सलमान खान ने शेरा के बेटे की डेब्यू फिल्म के लिए शुरू की हीरोइन की तलाश

सलमान खान अपने बॉडीगार्ड शेरा के बेटे टाइगर को फिल्मों की दुनिया में लॉन्च करने वाले हैं। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि सलमान ने टाइगर की डेब्यू फिल्म के लिए हीरोइन की तलाश शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी है और इसके नैरेशन का काम हो गया है। अभी प्रोजेक्ट की कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि टाइगर सलमान की फिल्म सुल्तान में सहायक निर्देशक के रूप में काम कर चुके हैं।

एक सूत्र ने बताया कि सलमान ने टाइगर की इस फिल्म को निर्देशित करने के लिए सतीश कौशिक को अप्रोच किया है। सलमान ने व्यक्तिगत रूप से फिल्म के लिए दो से तीन अभिनेत्रियों से संपर्क किया है। अभी तक किसी एक नाम पर मुहर नहीं लगी है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू हो सकती है।

पठान का नया गाना झूमे जो पठान रिलीज, फिर दिखी शाहरुख–दीपिका की दमदार केमिस्ट्री

बीते दिनों शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान के गाने बेशरम रंग पर खूब विवाद हुआ। देखते–देखते इस विवाद ने धार्मिक और राजनीतिक रंग भी ले लिया। यह विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा है कि इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म का एक और गाना रिलीज कर दिया।फिल्म का गाना झूमे जो पठान रिलीज कर दिया गया है। गाने की घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर प्त झूमे जो पठान ट्रेंड कर रहा था।बेशरम रंग के बाद एक बार फिर शाहरुख और दीपिका की दमदार परफॉर्मेंस केमिस्ट्री देखने को मिली है। झूमे जो पठान को विशाल–शेखर ने कंपोज किया है। इस गाने को अरिजीत सिंह, सुक्रिती कक्कड़ और विशाल शेखर ने गाया है। जहां बेशरम रंग की कोरियोग्राफी वैभवी मर्चेंट ने की थी वहीं इस पार्टी नंबर के स्टेप्स कोरियोग्राफर बॉस्को और सीजर की जोड़ी ने किया है। यह जोड़ी बॉलीवुड के कई पार्टी सॉन्ग कोरियोग्राफ कर चुकी है।बेशरम रंग 12 दिसंबर को रिलीज हुआ था। शाहरुख और दीपिका के प्रशंसकों ने तो इसे खूब पसंद किया, लेकिन अपने कॉस्ट्यूम के कारण इसकी खूब ट्रोलिंग भी हुई। गाने में दीपिका पादुकोण के कपड़ों के रंग को लेकर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगने लगा। बवाल इतना बढ़ा कि शाहरुख को जान से मारने तक की धमकी मिलने लगी। गाने पर फिल्मी हस्तियों से लेकर राजनेता तक बयान दे चुके हैं। सोशल मीडिया पर शाहरुख के प्रशंसक उनका समर्थन कर रहे हैं। विवादों के बीच शाहरुख ने एक कार्यक्रम में आलोचकों को सीधा जवाब दिया था। शाहरुख ने कहा था, ये बात बताने में मुझे बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है कि दुनिया कुछ भी कर ले, मैं और आप लोग और जितने भी पॉजिटिव लोग हैं, सब के सब जिंदा हैं। उन्होंने हाल ही में आस्क मी एनिथिंग सेशन में यह भी बताया कि पठान एक देशभक्ति फिल्म है।भारी विवाद के बाद भी यूट्यूब पर बेशरम रंग की धूम मची हुई है। यशराज फिल्म्स के चैनल पर मौजूद इस गाने को 100 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है। लंबे समय बाद शाहरुख की फिल्म पर्दे पर आ रही है। उनके प्रशंसकों को पठान का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का टीजर जारी हो चुका है और अब दर्शक ट्रेलर का इंतजार कर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में जॉन अब्राहम नकारात्मक भूमिका में नजर आएंगे। पर्दे पर वह शाहरुख के साथ एक्शन करते दिखाई देंगे।

पर्पल ड्रेस में बैक और कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करतीं नजर आईं खुशी कपूर

स्टार किड खुशी कपूर अपनी ग्लैमरस अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाए रहती हैं। बोल्डनेस के मामले में अपनी बहन जान्हवी कपूर को पीछे छोड़ते नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें इन दिनों चर्चाओं का विषय बनी हुई हैं। वहीं, एक्ट्रेस जल्द ही जोया अख्तर की फिल्म से डेब्यू करने वाली हैं। पर्पल कलर की शॉर्ट ड्रेस में एक्ट्रेस खुशी कपूर बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। खुशी कपूर सायनी मेकअप और स्टाइलिश हेयर स्टाइल में बेहद ही बोल्ड लग रही हैं। बोल्ड आउटफिट में खुशी कपूर अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ाए हुए हैं। एक्ट्रेस खुशी कपूर इस आउटफिट में बैकलेस नजर आ रही हैं। साथ ही अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। फैंस को खुशी कपूर का ये लुक काफी पसंद आ रहा है। फैंस उनकी तस्वीरें पर हार्ट और फायर इमोजी की बारिश कर रहे हैं। खुशी कपूर श्रीदेवी की सबसे लाडली बेटी में से एक हैं। खुशी कपूर बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की बहन और बोनी कपूर की बेटी हैं। एक्ट्रेस खुशी कपूर जल्द ही जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। एक्ट्रेस खुशी कपूर के इंस्टाग्राम पर भी तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। उनके इंस्टा पर 913 के फॉलोवर्स हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com